


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 07 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-100 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 08 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







## मैनपाट में शुरू हुई भाजपा की पाठशाला



**मैनपाट,7 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मैनपाट में शुरू हो गया है. इस शिविर में हिस्सा लेने के लिए प्रदेशभर के भाजपा विधायक और सांसद संगठन के बड़े नेता यहां पहुंचे हुए हैं. शुभारंभ कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते हुए जनप्रतिनिधियों से संगठन की रीति-नीति को गहराई से समझने और उसे ज़मीन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन शक्ति से ही चुनाव जीतती है भाजपा, नड्डा ने कहा कि "भाजपा सिर्फ चुनाव जीतने वाली पार्टी नहीं, बल्कि विचारधारा और सेवा का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी बूथ स्तर पर मजबूत होती है, वही लंबे समय तक टिकती है।

### जमीन से जुड़ें नेता : नड्डा

जनप्रतिनिधियों को पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने सलाह दी की वे जमीनी स्तर से जुड़ें, अपनी छवि जनसेवक की बनाएं और प्रधानमंत्री मोदी के 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के मंत्र को घर-घर पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता ज़मीन से जुड़ा होता है, वही असली नेता होता है।"

### सीएम साय ने बताई जीत की कुंजी

प्रशिक्षण शिविर में मुख्यमंत्री साय ने कहा हमारे जनप्रतिनिधियों को गांव-गांव, पारा-टोला तक जाकर सरकार की योजनाओं और लाभार्थियों की जानकारी लेनी होगी। जनता से सीधा संवाद ही हमारा सबसे बड़ा माध्यम है. उन्होंने कहा मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के कामों को जनमानस तक पहुंचाने में ही चुनावी जीत की कुंजी छिपी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैनपाट में प्रशिक्षण शिविर सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की आत्मा को समझने का अवसर है।

मैनपाट के तिब्बती कॉलोनी क्षेत्र में हो रहे इस प्रशिक्षण शिविर में सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी, और मोर्चा संगठन प्रमुखों समेत करीब 300 प्रमुख पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। शिविर में कुल 12 सत्र होंगे, जिनमें विचारधारा, सोशल मीडिया, चुनावी रणनीति, सेवा कार्य और संवाद कौशल जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष, संगठन महामंत्री पवन साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद रेणुका सिंह और अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की शुरुआत से पहले मौजूद समस्त नेताओं ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आम, सिंदूर, रुद्राक्ष के पौधे लगाए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा में स्वागत किया गया ।

## कांग्रेस की जनसभा में गरजे खड़गे केंद्र पर साधा निशाना

**रायपुर,7 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी रायपुर में आज कांग्रेस की 'किसान-जवान-संविधान' जनसभा का आयोजन किया गया। साइंस कॉलेज मैदान पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "आज देश में लोकतंत्र खतरे में है, संविधान के मूल सिद्धांतों को कमजोर किया जा रहा है, और किसानों–जवानों की



अनदेखी की जा रही है।" खड़गे ने मोदी सरकार पर कई आरोप लगाए उन्होंने कहा "मोदी सरकार ने न तो किसानों की आय दोगुनी की, न ही जवानों को न्याय दिलाया। 'अग्निपथ' जैसी योजना से सेना में युवाओं के भविष्य को खतरे में डाल दिया गया है।" इसके अलावा उन्होंने केन्द्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप भी लगाया. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बना दिया है। "चाहे चुनाव आयोग हो, न्यायपालिका हो या मीडिया – सब पर दबाव बनाया जा रहा है। हम ऐसी तानाशाही व्यवस्था को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।"

### छत्तीसगढ़ के मुद्दे भी उठाए

खड़गे ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में हालात बिगड़े हैं। "गांवों में बिजली संकट, स्कूलों की बंदी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। यह राज्य विकास की राह से भटक चुका है।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर जनता को सच्चाई बताएं। "यह सिर्फ चुनाव नहीं, संविधान बचाने की लड़ाई है। कांग्रेस कार्यकर्ता हर मोर्चे पर डटकर मुकाबला करें।"

### राहुल गांधी की भूमिका को बताया अहम

खड़गे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि "राहुल ने नफरत के खिलाफ मोहब्बत का पैगाम दिया है। अब हमें उनकी सोच को घर-घर पहुंचाना है।"इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शुरुआती सम्बोधन में सत्ताधारी भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। सभा को संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद कर दिया है। आज प्रदेश और देश के किसान परेशान है, जवान त्रस्त है। युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों को बंद किया है शराब दुकानें खोली जा रही हैं ।

### केदार ने किया पलटवार

इधर कांग्रेस के आयोजन और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के दौरे को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने निशाना साधा है. केदार ने कहा कि जिनके केंद्र में सत्ता में रहते सबसे ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की,जो छत्तीसगढ़ के किसानों को 4 किश्तों में रुलाकर पैसा देते थे ,दो साल का बोनस नहीं दिया ,वो किसानों की किस मुंह से बात करते है।




एक नजर

## छत्तीसगढ़ की बेटी का टीम इंडिया में चयन



**बालोद।** जिले की बेटी किरण पिस्दा ने देश और प्रदेश का नाम रोशन कर दिया है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने 22 साल बाद महिला एशियन कप में क्वालिफाई किया है, और इस गौरवशाली टीम का हिस्सा बालोद की किरण पिस्दा बनी हैं। बतौर डिफेंडर 23 सदस्यीय भारतीय टीम में चयनित किरण ने इतिहास रच दिया है। किरण के पिता बालोद कलेक्ट्रेट में सहायक अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। परिवार के साथ-साथ पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

दरअसल, थाईलैंड में चल रहे क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए मेजबान थाईलैंड को 2-1 से हराया और ग्रुप-बी के चारों मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही टीम ने महिला एशियन कप 2026 में अपनी जगह पक्की की, जो ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। गौरतलब है कि, भारत की महिला टीम 2003 के बाद पहली बार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में जगह बना पाई है, और क्वालिफायर्स फॉर्मेट के तहत यह पहली बार है जब भारत ने एशियन कप में प्रवेश किया है। किरण की यह उपलब्धि बालोद जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा है और छत्तीसगढ़ की बेटियों के सपनों को उड़ान देने वाली ऐतिहासिक सफलता भी है।

## उत्तम तिवारी निर्देशित छत्तीसगढ़ी फिल्म तोर संग मया लागे 11 जुलाई से




**राजनांदगांव।** निर्माता सोमेश केशरवानी, सागर केशरवानी, मदन कहरा एवं उत्तम तिवारी निर्देशित फिल्म तोर संग मया लागे प्रदेश के सिनेमाघरों में 11 जुलाई से प्रदर्शित की जाएगी। निर्माता सागर केसरवानी ने बताया कि प्रदेश के अधिकतम सिनेमा घरों एवं मल्टीप्लेक्स में प्रदर्शित की जा रही है 7 पारिवारिक नोक झोंक के साथ रोमांस ,इमोशन, एक्शन ,परिवार के,हर वर्ग के साथ बैठकर देखने लायक मसाला फिल्म है. विगत दिनों रिलीज़ किए गए गाने को दर्शको का भरपूर मया दुलार मिल रहा है, फिल्म के लेखक दिलीप कौशिक व सहा. निर्देशक अर्जुन परमार, महेश सिंह प्रोडक्शन मैनेजर प्रदीप विश्वकर्मा, योगेश साहू, योगेश कश्यप कैमरा मेन विष्णु शर्मा, लक्ष्मण यादव, मयंक साहू मेकअप मेन रज्जू सरकार, विलास राऊत है आर्ट डिजाइनर अश्वनी जंघेल का देखने लायक काम है। फिल्म में कर्णप्रिय गीत एवं संगीत उत्तम तिवारी ने,कर्णप्रिय बनाया है। ऑडियो रिकार्डिंग मिलन स्टूडियोऔर म्यूजिक कटक मे बनाया गया है ,म्यूजिक अरेंज प्रफुल्ल बेहरा का है। गानों में अपनी सुरीली आवाज दी है, सुनील सोनी, अनुराग शर्मा,चंपा निषाद, नितिन दुबे, अनुपमा मिश्रा, श्रद्धा मंडल, कंचन जोशी ने कर्णप्रिय बनाया है कोरियोग्राफी दिलीप बैस, नन्दू मास्टर (ओडिसा) ने गानों के नृत्य फिल्ममांकन में जान डाल दी है, फिल्म मे कलाकारी में, पकलू पचासी (नायक), हिरनमयी दास (नायिका), जीत शर्मा,पप्पू चंद्राकर (हास्य अभिनेता)किर्ती प्रकाश जायसवाल, आलोक मिश्रा, विनोद उपाध्याय, अर्जुन परमार, गायत्री निषाद, दिब्या नागदेवे, मोहन चौहान, प्रकाश, शशीता साहू,ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया है।

## डॉ. अजय सहाय को हेल्थकेयर आइकॉन ऑफ द ईयर अवॉर्ड

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर जयपुर में राष्ट्रीय सम्मान मिला



**रायपुर।** अंचल में गरीबों के मसीहा और गरीबों के डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध डॉ अजय सहाय को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल के हाथों हेल्थकेयर आइकॉन ऑफद ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। विदित हो कि डॉ सहाय विगत चार दशकों से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, ट्राइबल्स और संवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाकों तथा समाज के कमजोर तबकों के लिए सैकड़ों निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों और जागरुकता अभियानों का आयोजन कर चुके हैं। स्वच्छता अभियान पर केंद्रित डीडी किसान द्वारा प्रसारित धारावाहिक परिवर्तन का निर्देशन भी डॉ सहाय ने किया था। चिकित्सा, समाज सेवा और सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उन्हें सैकड़ों अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के सम्मान मिल चुके हैं।

# गुड़ाखु लाइन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

## दुकान के बाहर रखा सामान जब्त कर अतिरिक्त शेड तोड़े गए

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सुगम आवागमन के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर जिला प्रशासन ने दो बार चेम्बर ऑफ कामर्स तथा व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा की और कल जिला प्रशासन की टीम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों में पहुंचकर दुकान की सीमा में समान रखने व अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी गई। समझाइश के उपरांत अवमानना पर आज नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक, तहसीलदार अमीय श्रीवास्तव सहित प्रशासन की टीम द्वारा पुलिस बल के साथ आज गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में स्वयं निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। आजाद चौक से जीई रोड तक, गुड़ाखू लाइन से पूर्ण अतिक्रमण हटाया गया।




उल्लेखनीय है कि शहर के व्यस्तम मार्गों तथा बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है तथा शेड निकाला जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है एवं आवागमन में असुविधा होती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने तथा बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया और कलेक्टर के निर्देश पर व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा की गई व शहर में भ्रमण कर व्यापारियों को समझाइश भी दी गई। इसके बाद भी गुड़ाखु लाईन का निरीक्षण करने पर व्यवस्था में सुधार नही पाया गया। व्यवस्था सुधारने आज जिला प्रशासन द्वारा गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

गुड़ाखु लाईन क्षेत्र में आज निरीक्षण के दौरान रोड के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर समान रखा पाया गया। वही कई दुकानदारों का समान बाहर लटका पाया गया। कुछ के द्वारा तो दुकान के बाहर लम्बा चौड़ा शेड भी लगाया था। जिस पर आज जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारी दल-बल के साथ गुड़ाखु लाईन तथा आजाद चौक के दुकाने जहां दुकान के बाहर समान रखा गया था, उनके समान जप्ती की कार्रवाई कर दुकान के बाहर लगे शेड मानव बल एवं जेसीबी से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों ने स्वयं समान हटाया, जिनका समान नहीं हटा था उनका समान प्रशासन के टीम ने हटाई।

कुछ दुकानदारों द्वारा विरोध करने पर नगर निगम आयुक्त, एसडीएम, सीएसपी एवं तहसीलदार अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदारों को समझाईस दिया गया है कि शहर के बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने में सहयोग करें। दुकानों के बाहर समान रखने से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

इसके अलावा समान खरीदी करने वाले पार्किंग के अभाव में दुकान में खड़े होने की जगह नही होने पर खरीददारी करने भी नही आते, जिसे कारण व्यापार में भी असर होता है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर आप सभी को सहयोग करना है। आपके सहयोग से ही दुर्घटना को रोका जा सकता है। शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि समान दुकान की सीमा में रखे अतिक्रमण न करें। पालन नहीं करने पर जिला प्रशासन की टीम समान जप्ती एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेंगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दावा-आपत्ति 8 जुलाई तक

**बालोद।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 व नियम 2020 के प्रावधानों व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 39 के अधीन सपोर्ट पर्सन हेतु रूचि के अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई थी। उन्होंने बताया कि रूचि के अभिव्यक्ति के परीक्षण उपरांत जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा पात्र एवं अपात्र सूची जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर जारी कर दी गई है। उक्त संबंध में दावा आपत्ति 08 जुलाई 2025 को शाम 05 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय के जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के कक्ष क्रमांक 82 में प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् दावा आपत्ति स्वीकार नही की जाएगी।

## कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का लिया जायजा



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे आज शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति का जायजा लेने के लिए राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा और ग्राम सुकुलदैहान पहुंचे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने वृंदावन ग्राम अंजोरा में आम का पौधा रोपण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम पंचायत अंजोरा में महिला स्वसहायता समूह सदस्यों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों गुरूचन्दन, गोपीचंदन, रोली कुमकुम जैसे अन्य उत्पादों को अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों एवं संकुल संगठन से आय-व्यय व सदस्यों को हो रहे लाभ के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ग्राम अंजोरा में गणेशा हर्बल गुलाल यूनिट में पीपीपी मॉडल के तहत समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे गुलाल, रोली, चंदन, कुमकुम, पूजन सामग्री के साथ ही व्यापक स्तर पर किए जा रहे पैकेजिंग यूनिट को देखा। वे स्वसहायता समूह एवं संकुल संगठन की महिलाओं से रूबरू हुए।

## सीईओ ने बघेरा में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत प्रति शनिवार मनाए जा रहे स्वच्छता त्योहार अंतर्गत ग्राम बघेरा का दौरा कर फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्लांट के संचालन, रख-रखाव और उसकी प्रभावशीलता की जानकारी ली। उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे अपने सेप्टिक टैंकों की हर तीन वर्षों में अनिवार्य रूप से सफाई कराएं, जिससे पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत ग्रामीणों को मोबाइल एप के माध्यम से अधिक से अधिक फीडबैक देने के लिए प्रेरित किया गया। जिला पंचायत सीइओ ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से न केवल जिले की रैंकिंग बेहतर होगी, बल्कि स्वच्छता का संदेश भी हर घर तक पहुँचेगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 के स्वीकृत निर्माणाधीन हितग्राहियों के आवासों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण, मजदूरी भुगतान, सेंटरिंग प्लेट्स एवं निर्माण सामाग्री की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए आवास निर्माण में प्रगति लाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## गिधौरी-शिवरीनारायण रोड में डब्ल्यूएमएम कार्य शुरू



**बलौदाबाजार।** जिले में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में गिधौरी -शिवरीनारायण का डब्ल्यूएमएम कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरु कर दिया गया है। इसी तरह सुहेला -हिरमी रोड में कथरोद रोड का पैच रिपेयर किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत तेजी से करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा नें बताया कि सड़क मरम्मत हेतु बजट आवंटन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकता अनुसार सड़कों का मरम्मत कार्य जल्द शुरु किया जाएगा।

## मां की रोटी, भोजन कैंटीन का नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

■ मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह कर रहा संचालन, मिलेगा 50 रुपए में भोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया।** नगर पंचायत छुरिया में महिला समूह द्वारा पहली बार भोजन कैंटीन की शुरुआत किया गया है, जिसकी विधिवत पूजा अर्चना एवं फीता काटकर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं नगर के वरिष्ट नागरिक रोमी भाटिया, उपाध्यक्ष भूषण नेताम द्वारा किया गया,भोजन कैंटीन का संचालन मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है, भोजन कैंटीन का पता वार्ड क्रमांक 12 नया पारा जनपद पंचायत के पिछे स्थित है, जहां महिला समूह की बहनों द्वारा बनाई गई शुद्ध साफ सुथरी शाकाहारी भोजन एक बार मे तीन रोटी, एक कटोरी दाल, एक कटोरी सब्जी, एक प्लेट चावल मात्र 50 रुपए मे दी जाएगी, इसके अतिरिक्त लेने पर अलग से रूपये देने होगे जिसका रेट ग्राहको द्वारा मांगी गई व्यंजन अनुसार होगी, भोजन मिलने का समय 11 बजकर 30 मिनट से शाम 5 बजकर 30 मिनट तक रहेगी, इसके साथ ही टिफिन व्यवस्था भी उपलब्ध है, उद्घाटन अवसर पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष रोमी भाटिया, उपाध्यक्ष भूषण नेताम ने महिला समूह के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को आशीर्वाद स्वरुप बातें कहते हुए भोजन कैंटीन खोले जाने की शुभकामनाएं दी, तो वही महिला समूह की बहनों द्वारा आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, मां की रोटी भोजन कैंटीन उद्घाटन समारोह का मंच संचालन व आभार मनभावन सिंह ऊईके ने किया। इस अवसर पर मां अन्नपूर्णा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता उईके, सचिव श्री मती कुमारी चंद्रवंशी, सदस्य किरण यादव, सलमा बेगम, श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती कुमारी साहू, आशियाना बेगम, श्रीमती लक्ष्मीबाई, श्रीमती सुलोचना मंडावी, श्रीमती सोनम कुमरे, श्रीमती श्रद्धा, श्रीमती दिलेश्वरी उपस्थित थे।

## सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 मे शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा उपाध्यक्ष विकास बोहरा लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद वार्ड पार्षद अलका साव सभापति शंकरदेव पार्षद देवचरण ध्रुव मिकी गुप्ता चेलेश्वरी साहू जयंती टुकेश्वरी साहू अंबिका ध्रुव कमल डागा के कर कमलो से किया गया।

वार्ड पार्षद अलका साव ने बताया की वार्ड क्रमांक 9 में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन बनाने वार्ड वासियों की पुरानी मांग थी। सामुदायिक भवन नहीं होने से




पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रम के लिए लोगों को परेशानीयों का सामना करना पड़ता था भवन बनने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी एवं यह भवन जल्द बनकर वार्ड वासियों के सुख और दुख के लिए उपयोगी होगा भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर साहू समाज अध्यक्ष ईश्वर साहू एडवोकेट सुरेश साहू जमुना प्रसाद साहू पूर्व पार्षद चमेली बाई नंदनी बाई चंद्रिका साहू विवेक कुमार साहू उपस्थित थे।

## शासकीय भूमि से कब्जा हटाने तहसीलदार को आवेदन

■ एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी आदेश जारी नहीं

**छुरिया।** पटवारी ने अपना प्रतिवेदन पेश कर चुकने के बाद भी तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश जारी नहीं करने से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।आवेदक जसीम कुरैशी ने अपने लिखित आवदेन के साथ पटवारी प्रतिवेदन देते हुए निम्न विनय प्रस्तुत किया है।

यह कि, नगर पंचायत छुरिया, पहन. 20, रानिम. छुरिया, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित छोटे झाड़ के जंगल भूमि ब.न. 407 में



सरकारी कुआ है एवं शासकीय मद की घास भूमि पर अनावेदक राजकुमार बर्वे द्वारा अवैध कब्ज़ा कर लिया गया है।

यह कि, ग्राम छुरियाकला की सरकारी कुआ स्थित उक्त भूमि छोटे झाड़ के जंगल एवं घास मद की भूमि है जिस पर अनावेदक द्वारा अवैधानिक कब्ज़ा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है जो कि विधि विरुद्ध व अनुचित है। यह कि, अनावेदक द्वारा छोटे झाड के जंगल ख.न.407 की भूमि व शासकीय मद की घास भूमि पर किये गए अवैध कब्ज़ा से शासन को लाखो रूपये की नुकसान हो रहा है जिसकी पूर्ति हेतु अनावेदक को अवैध रूप से काबिज भूमि पर से बेदखल किया जाना न्यायहित में न्यायोचित एवं आवश्यक है। यह कि, अनावेदक द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर मकान निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है जिस पर तत्काल रोक लगाया जाना न्यायहित में न्यायोचित एवं आवश्यक है।

## युक्तियुक्तकरण से मधौरा को मिला शिक्षक

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के युक्तियुक्तकरण के निर्णय से जिले को भी इसका लाभ मिला है। जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने जानकारी दी है कि सोनहत विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला मधौरा एकल शिक्षक हुआ करते थे लेकिन अब युक्तियुक्तकरण से विद्यालय को एक शिक्षिका मिल गई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास हमारी प्राथमिकता : शिवरतन

**भाटापारा।** विधानसभा के ग्राम सेम्हराडीह में रंगमंच निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों को सम्बोधित किया शर्मा ने कहा कि हमारे देश की पहचान हमारे गाँव से है, इसलिए हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर



कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। भाटापारा विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

# गांवों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन जारी

## कपरमेटा-कामता शिविर में हितग्राहियों को योजनाओं से किया गया लाभान्वित

**बालोद।** केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभन्वित किया गया। इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कपरमेटा शिविर में उपस्थित 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 02 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि से लाभान्वित करने के अलावा ग्रामीणों का सिकलिन जाँच सहित शिविर में पहुँचे ग्रामीणों का टीकाकरण भी किया गया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का



निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कामता में आज आयोजित शिविर में सगरी बाई एवं सुनीता बाई को राशन कार्ड, सविता बाई एवं ललिता बाई को जॉब कार्ड एवं नदूंराम कुल्हारे एवं रोमिन बाई को कोदो बीज का वितरण किया गया। इसके अलावा यशोदा बाई एवं रजऊ राम को मुख्यमंत्री पेंशन योजना से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 50 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 05 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 03 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि, 04 हितग्राहियों को पेंशन योजना से लाभान्वित करने के अलावा 14 ग्रामीणों का सिकलिन जाँच सहित शिविर में पहुँचे ग्रामीणों का टीकाकरण भी किया गया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई।

आज दोनों ग्रामों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में शामिल होने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही पहुँचे थे। शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा आदिवासी वर्ग के हितग्राहियों को अपने-अपने विभाग के योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए इन योजनाओं के लाभ लेने के प्रक्रियाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। आज ग्राम कपरमेटा एवं कामता में आयोजित शिविर में शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने पर हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित एवं उत्साही नजर आ रहे थे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गुरूर एवं डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजन हेतु जारी की गई तिथि के अनुसार सोमवार 07 जुलाई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी में शिविर का आयोजन किया गया है।

## भाजपा नेता बयानबाजी छोड़ मुद्दे पर काम करें : छन्नी चंदू साहू

**छुरिया।** सोशल मीडिया पर आये एक पोस्ट में खुज्जी विधानसभा की कांग्रेस की पूर्व महिला विधायक श्रीमती छन्नी चन्दू साहू ने छ.ग. राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन पर आरोप लगाते हुये लिखा है कि सरकारी कर्मचारी बिना विष्णुभोग व रिश्वत के काम नहीं करता है, यह अफसरशाही का सबूत है। इस पोस्ट के वायरल होने पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद ड़डसेना अपने बयान में कहा कि कि पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चन्दू साहू जो आरोप लगाये है उस की लिखित शिकायत प्रशासन से करें उनकी शिकायत हमारे छत्तीसगढ़ के भाजपा की विष्णुदेव साय की सरकार पूरी तरह से निष्पक्ष जांच करायेगी। इस बयान को कटाक्ष करते हुये पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चन्दू साहू ने कहा कि मैं खुज्जी विधानसभा के भाजपा के वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता श्री चंद्रिका ड़डसेना से यह कहना चाहती हूं कि लिखित शिकायत करने पर भाजपा की विष्णुदेव साय की सरकार पूरी तरह से निष्पक्ष जांच करायेगी तो यहां पर सीधा सीधा मेरा प्रश्न श्री



ड़डसेना जी से है कि क्या लिखित शिकायत से जांच होगी इस बात पर कैसे भरोसा किया जाय क्योंकि कुछ दिन पहले ही ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में सूचना पटल के गिरने से निषाद परिवार के एक 5 वर्षीय मासूम युवांश निषाद की अकस्मात मौत हो जाने पर मैं स्वयं वहां जाकर नेशलन हाईवे पर चक्का जाम की थी जहां मेरे साथ मेरे कांग्रेस पार्टी के नेतागण भी साथ थे।

एक नजर

## 12 लाख की धोखाधड़ी,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 7 जुलाई।** भिलाई शैलदेवी महाविद्यालय को ऑनलाइन एक्जाम सेंटर का दर्जा दिलाने के नाम पर करीब 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि राजन कुमार दुबे (53 साल) निवासी आशीष नगर (पश्चिम) रिसाली शैलदेवी महाविद्यालय जंजगीरी रोड ग्राम अण्डा दुर्ग का अध्यक्ष है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोबाइल धारक वेदांत कपूर ने शैलदेवी महाविद्यालय को ऑनलाइन एक्जाम सेंटर का दर्जा दिलाने के नाम पर प्रार्थी से कुल 12,39,483 रुपए की रकम लेकर मोबाइल बंद कर एवं संपर्क खत्म कर धोखाधड़ी की है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## महिला के खाते से 77 हजार पार

**भिलाई, 7 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना अंतर्गत रहने वाली बुजुर्ग महिला के खाते से 77 हजार रुपए से ज्यादा की रकम निकल गई। महिला को ठगी का एहसास तब हुआ जब वह बैंक में पासबुक एंट्री कराने पहुंची। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 318;4द्ध बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है जामुल पुलिस ने बताया कि हाऊसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र निवासी वीण् मंजुला ;63 वर्षद्ध ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका एसबीआई में बैंक खाता है। खाते की पासबुक के एंट्री कराने के लिए अपने बैंक गई थी। सम्बंधित कलर्क से अपना पास बुक पर एन्ट्री करवाने के बाद जब उसने पासबुक को देखा तो पता चला की 25 मई को आधे घंटे के अंतराल में आठ बार में कुल 77 हजार 601 रुपए की रकम किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गई। उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

## सड़क हादसे में 3 महिलाओं की मौत

**शहडोल।** मध्यप्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से रोज रोज सड़क हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला प्रदेश के शहडोल जिले का है जहां भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई 4 लोग गंभीर रूप से घायल है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मृतक छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे।दरअसल घटना शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा की है। अयोध्या दर्शन कर लौट रहे परिवार का वाहन पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। चार लोगों की हालत गंभीर है। गंभीर लोगों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ब्यौहारी के डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया है। मृतकों में गायत्री कवर 55, मालती पटेल 50 एवं इंदिरा बाई शामिल है। सभी छत्तीसगढ़ की रहने वाली और अयोध्या दर्शन कर लौट रहीं थीं। बताया जाता है कि तूफान वाहन में कुल 20 लोग सवार थे।

## महापौर ने हरना बांधा मुक्तिधाम में साफ-सफाई का जायजा लिया

**दुर्ग, 7 जुलाई।** नगर पालिक निगम/आज प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे द्वारा आल सुबह स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल,पार्षद आशीष चन्द्राकर,सफाई दरोगा मनोहर शिंदे के अलावा सुपर वाइजर के साथ हरना बांधा मुक्तिधाम में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। प्रभारी महापौर नरेंद्र बंजारे ने मुक्तिधाम में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया और पाया कि कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुक्तिधाम परिसर के भीतर अनावश्यक झाड़ियों, गाजर घास को काटने के निर्देश दिए।प्रभारी महापौर श्री बंजारे ने नागरिकों से भी अपील की कि वे मुक्तिधाम को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और कचरा इधर-उधर न फैलाएं। प्रभारीमहापौर ने कहा कि मुक्तिधाम एक पवित्र स्थान है और इसकी सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया शहर की सफाई के साथ-साथ मुक्तिधाम परिसर में साफ-सुथरा रहना स्वच्छता के प्रति अच्छा संदेश है। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें, जिससे शहर को एक स्वच्छ व सुंदर शहर के रूप में हम विकसित कर सकें।

## गुरुग्राम में शहरी स्थानीय निकायों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**दुर्ग,7 जुलाई।** गुरुग्राम के मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में देशभर से 500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर मंथन और संवाद करना था।सम्मेलन के समापन समारोह के दौरान महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं समस्त जनप्रतिनिधियों को श्रीमद भगवत गीता भेंट देकर सम्मानित किया गया।महापौर श्रीमती बाघमार ने इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के महानुभाव लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला व हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण को राष्ट्रीय स्तर पर इस आयोजन को लेकर ह्रदय से धन्यवाद व्यक्त किया।महापौर श्रीमती अलका बाघमार सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने सत्र में शहरी संस्थाओं के योगदान पर अनुभव सांझा किए गए।उन्होंने कहा बेहतरीन प्रथाओं से शहर को बनाएं नंबर वन।महापौर ने कहा कि स्वच्छता को नई दिशा मिलेगी, निकायों के आर्थिक संसाधनों में भी वृद्धि होगी।

# विधायक ने कॉलेज छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बसों का लोकार्पण किया

**कवर्धा, 7 जुलाई।** छः जुलाई को पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द शासकीय विद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह जी एवं उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी ने पंडरिया विधानसभा के महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित 5 निःशुल्क बसों का वर्चुअल लोकार्पण किया और 72 करोड़ 73 लाख 69 हजार रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राजनांदगांव सांसद श्री संतोष पाण्डेय जी एवं कबीरधाम जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी जी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। ख़राब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री जी के हेलिकॉप्टर उड़ान न भरने की वजह से कार्यक्रम को परिवर्तित कर वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इतने ख़राब मौसम के बावजूद आयोजन स्थल में 15000 से अधिक लोगों का आगमन हुआ और सभा स्थल पूरी तरह से भर गया। बारिश होने के बावजूद क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया और लगातार उनका आगमन एवं कार्यक्रम में उपस्थिति जारी रही।इस अवसर पर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा जी द्वारा जनता के लिए किए जा रहे जनसेवा के कार्यों एवं प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा जी द्वारा जनता की आकाँक्षाओं को पूरा करते हुए अभूतपूर्व कार्य किये जा रहें हैं। एक जागरूक विधायक और समाज सेविका के रूप में वे अपने सभी दायित्वों का पूरे समर्पण भावना से निर्वहन कर रहीं हैं। आज उनके द्वारा बेटियों की शिक्षा के लिए 5 निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत करके एक मिसाल पेश की है कि एक जनप्रतिनिधि क्या कर सकता है। वे कई महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं जो सामाजिक परिवर्तन से लेकर अपने क्षेत्र के विकास एवं जनता की सेवा में निःस्वार्थ कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किये गए अपने वादों को प्रतिबद्धता से पूरा कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ.रमन सिंह ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भावना बोहरा द्वारा आज महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए जो कार्य किया है वह पंडरिया विधानसभा के लिए इतिहास रचने वाला है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करने के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा जी द्वारा किया गया यह प्रयास प्रशंसनीय है। पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए कहा की पंडरिया विधायक भावना दीदी के सार्थक प्रयासी से पंडरिया विधानसभा की तस्वीर चमक रही है और पीएम नरेंद्र मोदी के सपनो को साकार कर रही है पंडरिया विधायक भावना बोहरा और निःशुल्क बस की सौगात से कालेज की छात्र छात्राओं में खुशी दिख रही है ओर पंडरिया विधायक भावना ने बेहतरीन कार्य किया है जिसके लिए भावना दीदी को दिल से धन्यवाद ।। इस अवसर पर कवर्धा जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने आभार भाषण देते हुए माननीय मुख्यमंत्री ,विधानसभा अध्यक्ष , सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित जनता का आभार व्यक्त किया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह पल मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है। पंडरिया विधानसभा की मेरी बहनें अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके इसके लिए जो भी संभव प्रयास होगा उसे करने के लिए मैं हमेशा प्रयास करती रहूंगी।

# सायबर ठगी के मामले में 9 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 7 जुलाई।** दिल्ली और फरीदाबाद का गैंग विगत 1 माह से भिलाई में फर्जी कॉल सेंटर खोलकर साइबर ठगी का बड़ा सेटअप तैयार कर रखा था पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश देकर करीब 6 से 7 घंटे तक कार्रवाई की खास बात यह है कि गिरोह फर्जी ई.सिम का उपयोग कर कम्प्यूटर व लैपटाप में फर्जी लिंक के माध्यम से वायरस ध् बग भेजकर सुधारने के नाम पर ठगी करते थे। इस पूरे गिरोह का संचालन पढ़े.लिखे युवक कर रहे थेए जिन्हें जल्दी पैसे कमाने की लालच ने अपराध की दुनिया में ला खड़ा किया दुर्ग पुलिस ने छत्तीसगढ़ में साइबर ठगी मामले में यह पहली बड़ी कार्रवाई की है दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि प्रकरण में गिरोह का सरगना फरीदाबाद निवासी अर्जुन शर्मा ठगी के शिकार व्यक्ति को डॉलर में पेमेंट के लिए सम्यक के द्वारा उपलब्ध कराये गये ई.वालेट में क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से पेमेंट कराया जाता था। जिसके लिए भी टेलीग्राम ऐप का उपयोग किया जाता था और ठगी से प्राप्त रकम का 15 से 20 प्रतिशत कमीशन के रूप में रखकर हवाला के माध्यम से अर्जुन शर्मा को रकम उपलब्ध कराया जाता था। जिसमें से अर्जुन शर्मा द्वारा कस्टमर केयर में काम करने वाले आरोपियों को 25 से 30 हजार रुपए सैलरी के रूप में दी जाती थी एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि पकड़े गए लोगों में 7 युवक और 2 युवतियां शामिल हैं सभी आरोपी यूएसए और कनाडा में रहे रहे लोगों को सायबर ठगी का शिकार बनाया करते थे। पकड़े गए आरोपियों के पास से 12 लैपटॉप और 14 मोबाइल फोन मिले हैं। जब्त किए गए सामानों की जांच की जा रही है। एक्सपर्ट टीम लैपटॉप और मोबाइल को भी खंगाल रही है। पकड़े गए लोगों ने अब तक कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया है ये भी पता किया जा रहा है पुलिस ये भी पता लगा रही है कि पकड़े गए सभी 9 लोगों के तार कहां कहां से जुड़े हैं।इन आरोपियों को पुलिस ने किया है गिरफ्तार आरोपी संतोष थापा 24 साल निवासी शिलोंग मेघालयए मुकेश नाथ 24 साल निवासी शिलोंग मेघालय, विवेक देव 24 साल निवासी मेघालय, विशाल कर 26 साल निवासी शिलोंग, अनिश आर्यन 29 साल निवासी भागलपुर बिहारए अर्जुन शर्मा 23 साल निवासी फरीदाबाद हरियाणा, अमित कुमार सिंग 30 वर्ष निवासी सरिता विहार नई दिल्ली, पियाली देव 24 साल निवासी शिलोंग मेघालय रिया राय 27 साल निवासी चौहान टाउन है।

## साइकिलिंग क्लब के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद विजय बघेल



**भिलाई, 7 जुलाई।** साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट एवं बी एस पी साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में अस्मिता साइकिलिंग का आयोजन प्रगति भवन ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद संरक्षक साइकिलिंग एसोसिएशन आफ छग, अध्यक्षता नरेन्द्र कुमार बंछोर, विशिष्ट अतिथि विनोद खांडेकर, परविंदर सिंह, सुधीर बंसल समाज सेवी, शोमा शर्मा उपस्थित रहे । कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सेवा सहकारी समिति में किया गया पौधारोपण



**पाटन,7 जुलाई।** जामगांव आर सेवा सहकारी समिति सुरपा द्वारा हरियाली बढ़ाने पौधा रोपण किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एक पेड़ एक जिंदगी अभियान को स्वस्थ समाज सृजन में कारगर बताते हुए पौधे लगाने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प कर रहे हैं, इसी कड़ी में इलाके में विभिन्न जगहों पर पौधारोपण की लहर चल रही है। इस अवसर पर- नारद साहू, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति सुरपा, चंदूलाल टंडन, अभिषेक सेन, वरुणदेव नेताम , गजाराम साहू, शिवप्रसाद,तुषान्त टंडन, सुरेश साहू, गोविंद महलवार, अंकलहु यादव, अशोक पटेल, प्रमोद साहू, हेमंत पटेल, पोषण निर्मलकर उपस्थित रहे।

# ग्राम छांटा के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने नेत्र और रक्त परीक्षण कराया



**पाटन,7 जुलाई।** विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दुर्गा मंच ग्राम छांटा में किया गया। शिविर में डॉ भावना पाल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ एम आर शेख नेत्र सहायक धर्मराज साहू एम एल टी विष्णु प्रसाद देवगन आर एच ओ डॉक्टर रामस्वरूप मरकाम डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ठाकुर डॉ शिवानी सिंह डॉ नेमा वर्मा डॉ गीतांजलि सिंह झीट डॉ रितुकेतु साहू आशीष सिंह डॉ संगीता कोठारी डॉ दीपक यादव दो योगिता वर्मा डॉ जितेंद्र वर्मा रूपेश साहू एवं अर्जुन सिंह ठाकुर साथ ही नेत्र जांच, रक्त परीक्षण की सुविधा उपलब्ध रही। आयोजन में मुख्य अतिथि डुलेश्वर मानकुंवर, सभापति जनपद पंचायत पाटन एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश चेलक ग्राम पंचायत छांटा तथा मनोज वर्मा पंच ग्राम परमा चंदेल आरती साहू रजनी साहू कल्पना यादव अल्पा चेलक प्रभाकर टंडन ओम टंडन राजेंद्र कुमार देशलहरे कूंजन लाल भारती श्रीमती पून बाई भारती एवम् समस्त ग्राम वासी अपने स्वास्थ्य लाभ लिया और उपस्थित रहे।

## जोरातराई(अ) में मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई(अ) में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी. भाजपा के सभी पदधारी और कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी7 डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जब देश आजाद हुआ तो अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में शामिल हुए. लेकिन नेहरू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के बीच हुए समझौते के पश्चात उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया।

# छत्तीसगढ़ गतका टीम 70 मेडल जीतकर दूसरे स्थान पर रही

**भिलाई, 7 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत द्वारा गतका खिलाड़ियों का सम्मान/ नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ गतका टीम ने 70 मैडल जीतकर पंजाब के बाद दूसरे रनर ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलने वाले भिलाई के 22 मैडलिस्ट गतका खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत ने मोमेंटो और सिरोपाओ द्वारा सम्मानित किया गया। गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के



अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू, महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंघ लल्लू एसोसिएशन के टेक्निकल प्रमुख और नेशनल रैफरी अमन सिंघ, करन सिंघ, राजवीर सिंघ, गर्ल्स कोच रोहिणी धीमान, राजविंदर कौर डौली का सिक्ख पंचायत की ओर से विशेष सम्मान किया गया और आगे भी गतके के लिए हरसंभव सहयोग की बात कही। इस अवसर पर चैयरमैन जसबीर सिंह चहल, पलविंदर सिंह रंधावा, बलदेव सिंह, गुरनाम सिंह, रंजीत सिंह, तजिंदर सिंह नानू, हरपाल सिंह, बलजिंदर सिंह कलेर, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह गांधी, गुरमेज सिंह सोखी, बलविंदर सिंह, कुलवंत कौर, जसबीर सिंह सैनी, गतका एसोसिएशन के पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में सिक्ख संगत उपस्थित हुए। जसवन्त सिंह खालसा ने एसोसिएशन की ओर से छत्तीसगढ़ सिक्ख पंचायत और गुरुद्वारे प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारियों का गतके खेल में हमेशा की तरह सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## एएसआई से 35 हजार की ठगी

**बिलासपुर ,7 जुलाई।** न्यायधानी बिलासपुर में ठग ने पुलिस अफसर को निशाना बनाया है. आरोपी ने खुद को एडिशनल एसपी बताकर जीआरपी में पदस्थ एएसआई से 35 हजार रुपए ठग लिए. चोरी का खरीदने के लिए नाटक करने की बात कही और फिर क्यूआर कोड भेजकर पैसे ट्रांसफर कराया. मामले में तोरवा थाना में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, जीआरपी में पदस्थ विश्वनाथ चक्रवर्ती पर अनजान नंबर से कॉल आया. आरोपी ने खुद को कॉल पर रायपुर का एडिशनल एसपी बताया. उसने बताया कि रायपुर में चोरी मामले में आरोपी पकड़ा गया है. वहीं उसका साथ तेन से बिलासपुर आकर चोरी का सोना बेचने की फिराक में है. इसलिए सोना खरीदने का नाटक करें और रंगे हाथ पकड़ने में मदद करें। आरोपी ने एएसपी विश्वनाथ को दूसरे नंबर से एक लिंक और क्यूआर कोड भेज दिया. जिसमें एएसआई ने 35 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए. लेकिन कुछ देर बाद जब दोबारा उन नंबरों पर एएसआई ने कॉल किया तो वह बंद मिले. तब जाकर ठगी का एहसास हुआ. एसीआई ने तोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी केस में एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है.अधेड़ से 4.5 लाख की ठगी -सकरी थाना क्षेत्र से भी ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. ठगों ने अधेड़ को पुलिसिया कार्रवाई का डर दिखाकर घटना को अंजाम दिया. पीड़ित से साढ़े चार लाख रुपए की ठगी की गई. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने 2.5 लाख रुपए होल्ड करवाए हैं।

# डॉ.मुखर्जी की जयंती पर महापौर सहित जनप्रतिनिधियों ने पौधे लगाए

**दुर्ग,7 जुलाई।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 60 पटरी पार में दुर्ग शहर के प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती अलका बाघमार के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित वार्ड के नागरिको ने मिलकर पौधे लगाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि वृक्षा रोपण कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, जो एक प्रसिद्ध शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे।इस अवसर पर, महापौर ने सभी नागरिकों से पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। पटरी पार में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करने का एक



महत्वपूर्ण अवसर था।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा,आज हमारे शहर में हरियाली की सबसे अधिक जरूरत सभी अपने घर के आस पास पौधा अवश्य लगाए।उन्होंने कहा यह अभियान पूरे देश में पर्यावरण की दिशा में अनुकरणीय पहल है, पौधारोपण के साथ साथ पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए भी हमें सामूहिक प्रयास करना चाहिए तभी यह पौधे लगाना सार्थक होगा।पेड़ हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं और वे पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।बता दे कि महापौर श्रीमती अलका बाघमार के नेतृत्व में रोपे गए पीपल, बरगद, बादम नीम एवं सिंदूर के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर पूर्व महापौर श्रीमती चंद्रिका चन्द्राकर,अरुण सिंह, सुरुचि उमरे,युवराज कुंजाम,पटरीपार मण्डल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा,जयश्री राजपूत,प्रमोद पाटिल ,रेवती कुटेल,सुधा सिंह,संतोष बलराम प्रीतम रमेश अनूप प्रशांत,मौसमी ताम्रकार,अंजू तिवारी यश चंद्राकर सहित नागरिकगण मौजूद रहें।

## नगर निगम सभापति को मिली जान से मारने की धमकी

**दुर्ग,7 जुलाई।** दुर्ग से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां नगर निगम सभापति को जान से मारने की धमकी मिली है। इतनी ही नहीं उनकी कार को रौंदने की भी कोशिश की गई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वहीं समर्थकों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एक ही परिवार के 10 लोगों ने की खुदकुशी, पूरे इलाके में हो रही चर्चा, 10 साल का रिकॉर्ड देखकर पुलिस के भी पैरों तले खिसक गई जमीन वहीं सभापति श्याम शर्मा और उनके समर्थकों ने देर रात तक थाने में आरोपी के खिलाफ स्रढ्ढक्र करने की मांग की है। घटना पुलगांव थाना क्षेत्र की है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## सरकार की योजना बनी किसानों की ताकत

**कोरबा, 7 जुलाई ।** बरसात की पहली फुहारों के साथ खेतों में हरियाली की आस भी लौट आई है। मिट्टी जीवनदायिनी बनी है और किसान अपने सपनों को साकार करने खेतों में जुट गए हैं। इस नए उमंग और उत्साह के पीछे सरकार की वे योजनाएं हैं, जो समय पर और जमीन पर क्रियान्वित हो रही हैं।छत्तीसगढ़ शासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रदेशभर के किसानों को अब खेती के लिए आवश्यक बीज और उर्वरक न्यूनतम मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आई है और उत्पादन में भी बढ़ोतरी की उम्मीद जगी है।इसी योजना का लाभ उठाया कोरबा जिले के चोरभट्टी गांव के किसान श्री छबिलाल ने, बरसात के ठीक बाद जब खेतों में बुवाई का समय आया, तब वे शासकीय सहकारी समिति, करतला पहुँचे।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान जारी

**भिलाई, 7 जुलाई।** निगम क्षेत्रांतर्गत मच्छर जनित रोग डेंगू/मलेरिया के संक्रमण से बचाव हेतु महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने आम नागरिकों से अपील की है। मच्छर के व्यस्क अवस्था में पहुंचने से पहले ही प्रारंभिक जीवन काल में अर्थात् लार्वा स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए। मच्छर लार्वा स्रोत नियंत्रण के तहत सभी नागरिक अपने घर में उपयोग कर रहे कूलर का पानी साफ कर/सुखाकर पॉलीथीन से ढक कर रखें। अपने अपने घर में संग्रहित किए गए पानी पात्रों को ढक कर रखें। बाग -बगीचे में रखे गए कबाड़/अनुपयोगी पात्रों को नष्ट करें अथवा हटा लें जिससे कहीं बरसाती पानी का जमाव ना हो।



घर के आसपास के गड्ढों/नालियों के रुके पानी में जला आयल डाल दें। निगम आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम का कार्य जारी है । विगत वर्षों में डेंगू से प्रभावित क्षेत्र/मोहल्ले को संवेदनशील मानते हुए निर्धारित रोस्टर अनुसार निरंतर घर घर जाकर सर्वेलेंस सर्वेक्षण एवं मच्छर रोधी औषधियों का छिड़काव कार्य जारी है। प्रत्येक सर्वेक्षित घरों के कूलर/टंकी/ड्रम/कंटेनर एवं अन्य मच्छर लार्वा उत्पत्ति पात्र जैसे-टायर, गमले, डिस्पोजल, पशुओं के पानी पीने के लिए रखे गए नांद वगैरह की जांच किए जा रहे हैं। घर घर गृह भेंट के दौरान सभी को सप्ताह में एक दिन रविवार या किसी अवकाश के दिन शुष्क दिवस मनाते हुए समुचित पात्रों के पानी साफ कर/सुखाकर ही नए पानी भरकर उपयोग करने की समझाइश दी जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग मोहन राव के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम द्वारा 01/04/2025 से 30/06/2025 तक मच्छर जनित रोग डेंगू/मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 6242 घरों का सर्वेक्षण कर कुल 20799 (कूलर/टंकी/कंटेनर एवं अन्य पात्रों) का जांच किया गया। सर्वेक्षण के दौरान कुल 3141 पात्रों का संग्रहित कर रखे गए पुराने गंदे पानी को खाली कर साफ करवाया गया।

## अरपा नदी पर पचरीघाट बैराज निर्माण के लिए 64.75 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर, 7 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा के अंतर्गत अरपा नदी पर पचरीघाट के पास बैराज निर्माण कार्य हेतु 64 करोड़ 75 लाख 79 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से जल संरक्षण पेयजल एवं भू-जल संवर्धन का कार्य किया जाएगा। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## संपादकीय

### बड़ी जीत है एजबेस्टन की

भारत व इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच दिवसीय टेस्ट श्रृंखला के दूसरे मैच में भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह जीत ऐतिहासिक इसलिए हैं कि एजबेस्टन के मैदान में आज तक भारत ही नहीं एशिया के किसी देश के कप्तान इंग्लैंड को नहीं हरा पाए थे। यहां हुए आठ मैच में इग्लैंड ने सात मैच जीते है तथा एक मैच ड्रा रहा है यानी कि इस मैदान में इंग्लैंड को हराना एशिया के देशों के लिए सपने जैसा था और यह सपना भारत ने कप्तान शुभमन गिल ने पूरा किया है। भारत की दूसरे टेस्ट मैच में ऐतिहासिक जीत से हर भारतीय सीना का गर्व से चौड़ा हो गया है क्योंकि शुभमन गिल की कप्तानी में जो टीम गई थी, उसमें विराट कोहली,रोहित शर्मा, अश्विन जैसे दिग्गज खिलाड़ी नहीं थे, सभी को शक था कि भारतीय टीम इंग्लैंड में कुछ अच्छा भी कर पाएगी। पहले मैच में ही हार से यह शक और गहरा गया था। कोई उम्मीद ही नहीं कर रहा था कि भारत दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने के साथ ही अच्छी बालिंग भी कर सकेगा, इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकेगा। दूसरे मैच के लिए बुमराह व कुलदीप को नहीं लिए जाने से माना जा रहा था कि भारत इंग्लैंड को दो बार आउट भी नहीं कर सकेगा। पहले मैच में खराब बल्लेबाजी व खराब बालिंग के कारण भारत हार गया था, पहले मैच में भारत ने जो गलती की थी, दूसरे मैच में उन गलतियों को भारत ने सुधारा और कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया। दोनों पारी में कप्तान गिल ने 430 रन बनाकर पूरी टीम को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उनका साथ हर खिलाड़ी ने दिया।यशस्वी,पंत, जाडेजा व वाशिंगटन ने रन बनाए और भारत 500 से ज्यादा रन पहली बार में बनाने में सफल रहा। इसके बाद गेंदबाजों ने इंग्लैंड को जल्दी आउट कर सौ से ज्यादा रन की बढ़त ली और दूसरी बार में फिर 400 से ज्यादा रन बनाकर 600 रन बनाने का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की टीम 271 रन बना सकी। भारत ने बुमराह के बगैर 20 विकेट लेकर साबित किया वह बुमराह के बगैर भी जीत सकती है और किसी भी टीम को दो बार आउट कर सकती है।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें, नहीं तो संतान भी आपसे नाराज हो सकती है। आप अपनी माताजी से चल रहे किसी वाद-विवाद को बातचीत के जरिए दूर करेंगे। वरिष्ठ सदस्यों की सलाह आपके खूब काम आएगी। आप अपने बिजनेस में कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो बाद में आपके लिए समस्या बन सकती है।

वृषभ आज आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा आपके किसी मित्र की मदद से दूर होती दिख रही है। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा और आप माता-पिता की सेवा के लिए भी समय निकालेंगे, लेकिन इसके साथ-साथ आप कामों पर भी पूरा ध्यान दें। आप प्रॉपर्टी को लेकर कोई डील फाइनल कर सकते हैं, जिसमें आप जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें। आप अपने मन में किसी के प्रति ईर्ष्या की भावना ना रखें। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूरा न होने से आपको टेंशन बनी रहेगी, लेकिन यदि आप ससुराल पक्ष से किसी व्यक्ति से धन उधार लेने की सोच रहे थे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी। आपकी किसी बात को लेकर आपको अपने पिताजी से सलाह मशवरा करना होगा। आपका कोई मित्र लंबे समय बाद आपसे मिल मुलाकात करने आ सकता है। रक्त संबंधी रिश्तों में आपको मजबूती लानी होगी। आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें।

सिंह आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। परोपकार के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपकी सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आपको वाहनों से थोड़ा सावधान रहना होगा। आप संतान को कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आप किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं।

कन्या आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको किसी काम में थोड़ा सोच समझकर आगे बढ़ना होगा। परिवार के सदस्यों में पैतृक संपत्ति को लेकर वाद-विवाद छिड़ सकता है, जिससे रिश्तों में दूरी आने की संभावना है। आपकी कोई नई डील फाइनल हो सकती है। आप किसी नए वाहन को घर लेकर आ सकते हैं। आप किसी को धन उधार थोड़ा सोच समझ कर ही दें।

तुला आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको किसी नए काम में थोड़ा सोच समझकर हाथ बढ़ाना होगा। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपनी माताजी की सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आपको किसी नई नौकरी से ऑफर आ सकता है।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। माताजी से आपकी कहासुनी होने के संभावना है। आप किसी से कोई लेन-देन बहुत ही सोच समझकर करें। यदि आप किसी से मांगकर वाहन चलाएंगे, तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपके जीवनसाथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे। आप अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

धनु आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के प्रेम में डूबे नजर आएंगे। आप अपनी सेहत को लेकर भी एतियात बरतें। कार्यक्षेत्र में आपको किसी काम के लिए शाबाशी मिलेगी और आपके बॉस भी आपकी दी गई सलाह पाकर काफी खुश होंगे। परिवार में भी एकता बनी रहेगी।

मकर आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा, क्योंकि संतान को किसी परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे और आप अपने मन की इच्छाओं को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आप अपने बिजनेस में मन मुताबिक लाभ पाकर काफी खुश होंगे, क्योंकि आपकी योजनाएं बेहतर लाभ देगी। आप अपनी इनकम को बढ़ाने पर पूरा ध्यान दें। आपके मन में नई ऊर्जा रहने से आप अपने कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे।


कुंभ आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को लेकर पूरी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। यदि आप विदेशों से व्यापार कर रहे थे, तो आप किसी अजनबी पर भरोसा थोड़ा सोच समझकर करें। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। जो लोग अकेले हैं, उनके जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन यदि आपके लिए समस्या बना हुआ था, तो वह भी खत्म होगा। आप अपने घर के लिए कोई नया इलेक्ट्रॉनिक आइटम खरीद सकते हैं।

मीन आज का दिन आपके लिए पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटने के लिए रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में कुछ नया सोचेंगे, जिससे आपको खुशियां मिलेंगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। कार्यक्षेत्र में आप अपनी जिम्मेदारियों से घबराएंगे नहीं। किसी कानूनी मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। आपके विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश में लगे रहेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपकी किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

चर्चित मुद्दा

# मोहर्रम के दौरान ईरानी नेता खामनेई के कसीदे क्यों

**संजय सक्सेना,लखनऊ**




उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जिलों और जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हाल ही में दो घटनाएं एक जैसी घटीं, जिन्होंने देशभर में एक नई बहस छेड़ दी है। दरअसल, भारत में मोहर्रम के दौरान शिया समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की शहादत को याद करने के लिए जुलूस, ताज़िया और मातम का आयोजन किया जाता है। इस पवित्र महीने में मुसलमानों की धार्मिक भावनाएँ प्रबल होती हैं, और विशेष रूप से शिया समुदाय अपने धार्मिक गुरुओं को सम्मान देता है। ऐसे मौके पर अक्सर राजनीति को धर्म से दूर रखा जाता है,लेकिन हाल ही में, उत्तर प्रदेश के उन्नाव, लखनऊ सहित देश के कई राज्यों में मोहर्रम के दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बैनर-पोस्टर लगाए गए,जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सवाल पूछा जा रहा है कि जब इजरायल और ईरान के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं और भारत दोनों देश के नेताओं को समझा-बूझा रहा है तब समाज का एक वर्ग किसी एक देश की सरकार के पक्ष में क्यों खड़ा दिखाई देता है। वह भी ऐसे मौके पर जब शिया मुलसमान इमाम हुसैन की शहादत को याद करके मातम बना रहे है।यह तर्क दिया जा सकता है कि खामेनेई एक धार्मिक शख्सियत हैं,लेकिन इसके साथ-साथ सच्चाई यह भी है के वह इस समय सियासी रूप में नजर आ रहे हैं। बहराल, उत्तर प्रदेश में तमाम जिलों के स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने इन पोस्टरों को हटाने का आदेश दिया, क्योंकि सार्वजनिक स्थानों पर विदेशी नेताओं की तस्वीरें लगाना नियमों के खिलाफ माना जाता है। कई लोगों का मानना है कि यह भारत की संप्रभुता और सामाजिक सौहार्द के लिए खतरा हो सकता है, खासकर जब ईरान-इज़रायल संघर्ष की पृष्ठभूमि में इसे राजनीतिक समर्थन के रूप में देखा जाता है। उन्नाव में पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए पोस्टर हटवाए, जिस पर शिया संगठनों ने नाराज़गी जताई। मौलाना यासूब अब्बास जैसे धर्मगुरुओं ने इसे धार्मिक भावनाओं पर हमला बताया, जबकि प्रशासन का कहना था कि यह कदम सामुदायिक तनाव को रोकने के लिए ज़रूरी था। गौरतलब हो, धर्म के नाम कुछ शिया मुसलमान जो कर रहे हैं उसके चलते भारत-इजरायल के पुराने संबंधों भी प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग इसे वैचारिक प्रदर्शन मानते हैं, जो इमाम हुसैन के अन्याय के खिलाफ संघर्ष को दर्शाता है। फिर भी, भारत जैसे बहु-सांस्कृतिक देश में ऐसी गतिविधियां सावधानी बरतने की मांग करती हैं, ताकि सामाजिक एकता बनी रहे। लखनऊ में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का पोस्टर लगाए जाने और श्रीनगर में मुहर्रम के दौरान आतंकी संगठन हिज़्बुल्लाह के झंडे लहराए जाने की घटनाएं न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के दायरे में भी चर्चा का विषय बन गई हैं। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या धार्मिक आस्था की आड़ में भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में विदेशी एजेंडा पनप रहा है? लखनऊ के अवध पॉइंट स्थित शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास के आवास,शिया डिग्री कालेज, विक्टोरिया स्ट्रीट आदि कुछ स्थानों पर जब अयातुल्ला खामेनेई के बड़े-बड़े पोस्टर लगाये गये, तब कई लोगों ने इसे सामान्य धार्मिक परंपरा माना। मौलाना यासूब ने सफाई दी कि हर साल की तरह इस बार भी हैदरी टास्क फोर्स की ओर से ये पोस्टर लगाए गए हैं। बहरहाल, शिया धर्मगुरूओं को यही लगता है कि खामेनेई शिया समुदाय के लिए एक धार्मिक गुरु हैं, इसलिए इसमें कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। लेकिन इस बार मामला इसलिए खास बन गया क्योंकि यह पोस्टर ऐसे समय लगाया गया, जब ईरान और इज़रायल के बीच 12 दिन तक भयंकर संघर्ष चला। ऐसे में जब भारत में किसी ऐसे देश के सर्वोच्च नेता की सार्वजनिक तस्वीरें सामने आती हैं, जो खुद को इज़रायल का शत्रु घोषित करता है, तो विवाद होना लाज़िमी था। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं। कई लोगों ने पूछा कि जब भारत की सरकार किसी भी वैश्विक संघर्ष में निष्पक्ष भूमिका अपनाने की नीति पर चल रही है, तब भारत की सड़कों पर विदेशी नेताओं के प्रचार की आवश्यकता क्या है?क्या यह धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति है या भारत में विदेशी राजनैतिक विचारधाराओं के लिए ज़मीन तैयार करने की एक कोशिश? यह सवाल और गंभीर हो जाता है कि क्या भारत की धार्मिक स्वतंत्रता का दायरा इतना बड़ा है कि उसके भीतर दूसरे देशों की राजनीति को भी छिपने की जगह मिल जाए? क्या धर्म के नाम पर कोई भी समूह किसी विदेशी नेता के लिए समर्थन जुटा सकता है, भले ही उसका भारत से कोई लेना-देना न हो? इस घटना के बाद उत्तर प्रदेश की खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गईं। प्रशासन ने उन इलाकों में निगरानी बढ़ा दी जहां शिया आबादी अधिक है। अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अंदरखाने गंभीरता देखी गई। इससे पहले भी जब इज़रायल ने ईरान पर हमला किया था, तब मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व में लखनऊ में प्रदर्शन हुए थे। उस समय इज़रायल और अमेरिका के नेताओं के पोस्टर जलाए गए थे और भारत सरकार से ईरान के समर्थन की मांग की गई थी।इस पूरे मामले को तब और तूल मिला जब श्रीनगर की सड़कों पर मुहर्रम के दौरान हिज़्बुल्लाह और फिलिस्तीन के झंडे दिखाई दिए। इन झंडों को लेकर न केवल मीडिया में बल्कि प्रशासनिक हलकों में भी चिंता बढ़ गई। यह पहला मौका नहीं है जब श्रीनगर के शिया मुसलमानों ने इस प्रकार की राजनीतिक अभिव्यक्तियाँ की हों, लेकिन इस बार यह खुलेआम और संगठित रूप से हुआ। हिज़्बुल्लाह के प्रमुख हसन नसरल्लाह और अयातुल्ला खामेनेई के पोस्टर लेकर जुलूस में नारे लगाए गए।हिज़्बुल्लाह एक लेबनानी शिया आतंकी संगठन है, जिसे अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और खाड़ी के कई देशों ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। 1983 में बेरूत में अमेरिकी मरीन बैरक पर हमला, 1985 में एक विमान का अपहरण और 1994 में अर्जेंटीना में यहूदी केंद्र पर हमला कृ ये सभी हमले इसी संगठन के नाम हैं। हिज़्बुल्लाह ईरान समर्थित संगठन है और इसका मकसद इज़रायल को मिटाना बताया गया है। भारत से इसका कोई सीधा नाता नहीं है, फिर भी श्रीनगर के कुछ शिया समूह इसे अपना प्रतिनिधि मानते हैं।इस समर्थन का आधार धार्मिक है। शिया मुसलमानों की मान्यता है कि मुहर्रम में इमाम हुसैन ने यज़ीद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और अब इज़रायल को आधुनिक यज़ीद बताया जा रहा है। हिज़्बुल्लाह को 'हुसैनी फौज' की तरह पेश किया जा रहा है, जो इज़रायल से लड़ रहा है। इस विचारधारा के मुताबिक हसन नसरल्लाह जैसे नेता आज के दौर में इमाम हुसैन की तरह हैं, जो श्जालिम ताकतोंश् से लड़ रहे हैं। यही कारण है कि इनका समर्थन सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और वैचारिक स्तर पर भी हो रहा है।लेकिन सवाल उठता है कि क्या इस प्रकार की भावनाएं भारत की राष्ट्रीय अखंडता के लिए खतरा बन सकती हैं? धार्मिक आयोजन अगर वैश्विक राजनीतिक संघर्षों का मंच बनने लगें तो भारत की गंगा-जमुनी तहजीब को गंभीर चोट पहुँच सकती है। इससे पहले भी श्रीनगर में हमास और फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लग चुके हैं। ऐसे माहौल में जब भारत के युवा वैश्विक इंटरनेट पर धार्मिक कट्टरता की ओर आकर्षित हो रहे हैं, तब इन जुलूसों के माध्यम से उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से कट्टरता के लिए प्रेरित किया जा सकता है।सरकार और खुफिया एजेंसियों को अब यह सोचना होगा कि धार्मिक स्वतंत्रता और राष्ट्र हित के बीच संतुलन कैसे साधा जाए। धार्मिक आयोजन और जुलूसों पर नजर रखना अब केवल सांप्रदायिक तनाव से बचने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी जरूरी हो गया है। अगर कोई धार्मिक समूह विदेशी आतंकी संगठन के झंडे लहराता है, तो यह केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता के लिए सीधा खतरा है।सरकार को चाहिए कि वह स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे कि धार्मिक आयोजनों में विदेशी नेताओं, संगठनों या झंडों का प्रदर्शन प्रतिबंधित हो। धार्मिक नेताओं को भी यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि वे धार्मिक आयोजनों को राजनीतिक रंग न दें। धर्म और राजनीति का मिश्रण एक ऐसा विस्फोटक मेल है जो समाज की जड़ों को हिला सकता है।यह भी आवश्यक है कि मुस्लिम समुदाय के भीतर से ही इस प्रकार की गतिविधियों का विरोध हो। भारत में अधिकांश मुसलमान देशभक्त हैं और भारत के संविधान में विश्वास रखते हैं। लेकिन जब कुछ कट्टरपंथी तत्व समुदाय की आड़ में विदेशी संगठनों का समर्थन करते हैं, तो इससे पूरे समुदाय की छवि धूमिल होती है।मीडिया, सामाजिक संगठनों और शिक्षाविदों को भी आगे आकर यह बहस छेड़नी चाहिए कि धार्मिक आयोजनों को वैश्विक राजनीतिक संघर्षों से दूर कैसे रखा जाए। मुहर्रम या किसी भी धार्मिक आयोजन का उद्देश्य भक्ति, शोक, और आत्मचिंतन होना चाहिए, न कि अंतरराष्ट्रीय सियासत का समर्थन।लखनऊ और श्रीनगर की घटनाएं केवल स्थानीय घटनाएं नहीं हैं, बल्कि यह भारत की सामाजिक संरचना, धार्मिक स्वतंत्रता और सुरक्षा नीति के लिए एक चेतावनी हैं। अगर अभी ध्यान नहीं दिया गया, तो यह प्रवृत्ति भविष्य में और गहरी जड़ें जमा सकती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत की धरती पर विदेशी झंडे नहीं, बल्कि केवल भारतीयता की पहचान फहराए।


यादें

# मोदी-शाह की जोड़ी ने साकार किया डा. मुखर्जी का अखंड सपना

**अशोक बजाज**



आज़ादी के साथ कश्मीर समस्या हमें विरासत में मिली थी जो भारत के लिए नासूर बन गई थी. आज़ादी के बाद पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बनी सरकार ने तुष्टीकरण की नीति के चलते जम्मू-कश्मीर में संविधान की धारा 370 लगा कर उसे विशेष दर्जा प्रदान कर दिया था. धारा 370 भारतीय संविधान का एक विशेष अनुच्छेद है, जिसके चलते जम्मू-कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों के मुकाबले विशेष अधिकार मिल गया था. भारतीय संविधान में अस्थायी, संक्रमणकालीन और विशेष उपबन्ध सम्बन्धी भाग 21 का अनुच्छेद 370 तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के विशेष हस्तक्षेप से तैयार किया गया था. धारा 370 के प्रावधानों के मुताबिक राज्य में संसद को रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का तो अधिकार है लेकिन किसी अन्य विषय से संबंधित कानून को लागू करवाने के लिए केंद्र को राज्य सरकार की सहमति लेनी होती है. इसी विशेष दर्जे के चलते जम्मू-कश्मीर राज्य में संविधान की धारा 356 लागू नहीं हो पाती थी. राष्ट्रपति के पास राज्य सरकार को बर्खास्त करने का अधिकार ही नहीं था. यहाँ तक कि 1976 का शहरी भूमि कानून भी जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं हो पाया. भारत के अन्य राज्यों के लोग जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते थे, जबकि भारतीय नागरिक को विशेष अधिकार प्राप्त राज्यों के अलावा भारत में कहीं भी भूमि खरीदने का अधिकार है. भारतीय संविधान की धारा 360 यानी देश में वित्तीय आपातकाल लगाने वाला प्रावधान जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं होता था. जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाते समय ये दलील दी गई थी कि यह एक अस्थाई व्यवस्था है लेकिन वास्तव में वह स्थाई रूप ले चुकी थी. पं नेहरू एवं कालांतर में बनी सरकारों की ढुलमूल एवं तुष्टीकरण की नीतियों के चलते धारा 370 का प्रावधान भी स्थाई हो गया है और कश्मीर की समस्या भी स्थाई हो गई है.



तथाकथित बुद्धिजीवियों ने कश्मीर की आज़ादी या जनमतसंग्रह जैसे मुद्दे उठाकर इस समस्या को सुलझाने के बजाय उलझाने का ही काम किया है. देश की एकता और अखंडता की बात करने वाले कथित बुद्धिजीवी कभी संविधान के अनुच्छेद 370 को कायम रखने की बात करते थे तो कभी जनमत संग्रह की वकालत करते रहे. जब नेहरू सरकार ने जम्मू-कश्मीर में संविधान की धारा 370 लगाई तो डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने इसका पुरजोर विरोध करते हुये मंत्रीमंडल से स्तीफ़ा दे दिया था. डा. मुखर्जी भारत की अखंडता के प्रबल हिमायती थे तथा अखंड भारत के स्वप्न दृष्टा थे. उन्होने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाए जाने की कार्यवाही को भारत की अखंडता के विरुद्ध मानते हुये अपनी असहमति प्रकट करते हुये कहा था कि "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे', लेकिन तुष्टीकरण की नीति के कारण नेहरू जी ने उनकी एक न सुनी. अंततः उन्होने डा. मुखर्जी ने विरोध स्वरुप अपने पद से स्तीफ़ा दे दिया. संसद में भी डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की. उन्होंने अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा. अपने संकल्प को पूरा करने के लिये उन्होने 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने की चेष्टा की, सीमा में ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबन्द कर लिया गया. 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ऐसे राष्ट्र भक्त थे जिंहोने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया. उन्हें आज़ाद भारत का प्रथम शहीद कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी. देश में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो देशवासियों के मन में नई आशा की किरण जागी. केंद्र में आज एक दृढ़ इच्छा शक्ति वाली सरकार है. श्री मोदी ने जब गृह मंत्री के रूप में अमित शाह को चुना तो लोगों को यह विश्वास हो गया था कि जम्मू-कश्मीर की समस्या मोदी सरकार की प्राथमिकता में है. लोगों का विश्वास तब और दृढ़ हो गया जब श्री शाह ने गृह मंत्री के रूप में अपना दौरा कश्मीर से शुरू किया. इस दौरे में जो परिवर्तन देखने को मिला वो सबके सामने है. गृह मंत्री के दौरे के दौरान कश्मीर में पूरी तरह शांति थी, ना श्रीनगर के बाज़ार बंद हुये और ना ही गोला बारूद चला जैसा कि पहले देखने सुनने को मिलता था. पत्थरबाजी करने वाले भी अपने अपने घरों में दुबक गए थे. श्री शाह ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा अमरनाथ यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न करने की योजना बनाई. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत के सिद्धांत पर चलते हुए इस समस्या को हल करने का प्रयास किया था लेकिन बहुमत के अभाव में उनकी इच्छा अधूरी रह गई थी. अब मोदी और शाह की जोड़ी ने डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार कर दिया है. कुल मिलाकर देश बदल रहा है तो कश्मीर को बदलना ही था. भारत में आज एक दृढ़ इच्छा शक्ति वाली सरकार है जो देश की एकता और अखंडता तथा देश की सीमा की सुरक्षा के लिए संकल्पित है.

## वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय भूलकर न करें ये गलतियां

वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि इसके इस्तेमाल करते समय अगर आप गलतियां करती हैं, तो स्किन एलर्जी, मुंहासे और जलन समेत कई परेशानियां हो सकती हैं। फेस पर जमी धूल-मिट्टी, पसीना और मेकअप को हटाने के लिए कई महिलाएं वेट वाइप्स का इस्तेमाल करती हैं। चाहिए। क्योंकि इसके इस्तेमाल करते समय अगर आप गलतियां करती हैं, तो स्किन एलर्जी, मुंहासे और जलन समेत कई परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वेट वाइप्स के इस्तेमाल के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि इनका इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान



इसकी मदद से एक झटके में फेस पर जमी गंदगी साफ हो जाती है और चेहरा भी फ्रेश नजर आता है। वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना रखना चाहिए।

**न रगड़ें फेस**-कई महिलाएं वेट वाइप्स का इस्तेमाल करने के दौरान फेस को साफ करने और मेकअप को हटाने के लिए रगड़ती हैं। ऐसा करने से स्किन को नुकसान हो सकता है और जलन की समस्या हो सकती है। इसका इस्तेमाल हमेशा हल्के हाथों से करना चाहिए।

**चेहरे को करें वॉश**-वेट वाइप्स का इस्तेमाल करने के बाद फेस को अच्छे से क्लीन करना जरूरी है। क्योंकि यह फेस की ऊपरी गंदगी और मेकअप को साफ करता है। इसलिए इसका इस्तेमाल करने के बाद फेस को किसी माइल्ड क्लींजर या फिर फेस वॉस की सहायता से अच्छे से धोएं।

इसका इस्तेमाल तभी करें, जब फेस को साफ करना जरूरी हो।

**सील बंद वाइप्स का इस्तेमाल**-खुले हुए वाइप्स का इस्तेमाल करने से स्किन को नुकसान हो सकता है। क्योंकि खुले वाइप्स में बैक्टीरिया पनप सकते हैं और इसकी वजह से स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं खुले वाइप्स सूख जाते हैं, जिस वजह से स्किन को नुकसान हो सकता है। वेट वाइप्स के पैक को हमेशा बंद रखना चाहिए और पैक को सील बंद कर लें।

**न इस्तेमाल करें ये वाइप्स**-अल्कोहल फ्री वाइप्स का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे आपकी त्वचा को किसी तरह का नुकसान न हो। वहीं खुशबू वाले वाइप्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि इसमें केमिकल कम होता है और स्किन पर एलर्जी, जलन और रेडनेस की समस्या हो सकती है।

## सू-दोकू 102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.101 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## एक नजर

### एनएमडीसी अधिकारी पर नाबालिग बच्ची के शोषण का आरोप

**बचेली ।** पार्षद मनोज साहा ने बताया कि अंजली पिछले चार महीने से हाईटेक कॉलोनी बचेली के टाइप-04 क्वार्टर नंबर 172 में मामा-मामी के साथ रह रही थी। मारपीट के बाद 5 और 6 जुलाई की दरम्यानी रात बच्ची मामा-मामी के सोने के बाद घर से बिना बताए निकल गई। वह पास की कॉलोनी में जाकर छिप गई थी। 6 जुलाई की सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच कॉलोनी की एक महिला ने पार्षद मनोज साहा को फोन कर बताया कि एक बच्ची सीढ़ियों पर बैठी रो रही है। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचा। वहां कुछ महिलाएं भी मौजूद थीं। बच्ची ने अपना नाम अंजली यादव बताया। वह बिहार के सुपौल जिले के थेरिया की रहने वाली है। मनोज साहा ने मामी खुशु कुमारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर धारा 115 (2) बीएनएस और किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत् राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत नाले के पानी में डूबने से मृत्यु के प्रकरण में मृतक गाज्जूराम भोगामी के निकटतम वारिस उनकी पत्नी गीता भोगामी निवासी ग्राम दोर्रागुड़ा तहसील भैरमगढ़ को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### सहकारी समिति से किसानों को आसानी से मिल रहा खाद-बीज

**कोरबा।** बरसात की पहली फुहारों के साथ खेतों में हरियाली की आस भी लौट आई है। मिट्टी जीवनदायिनी बनी है और किसान अपने सपनों को साकार करने खेतों में जुट गए हैं। इस नए उमंग और उत्साह के पीछे सरकार की वे योजनाएं हैं, जो समय पर और जमीन पर क्रियान्वित हो रही हैं। छत्तीसगढ़ शासन एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रदेशभर के किसानों को अब खेती के लिए आवश्यक बीज और उर्वरक न्यूनतम मूल्य पर सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आई है और उत्पादन में भी बढ़ोतरी की उम्मीद जगी है। इसी योजना का लाभ उठाया कोरबा जिले के चोरभट्टी गांव के किसान छबिलाल ने, बरसात के ठीक बाद जब खेतों में बुवाई का समय आया, तब वे शासकीय सहकारी समिति, करतला पहुँचे। वहाँ से उन्होंने खरीफ फसल के लिए उन्नत धान बीज, यूरिया, डीएपी और अन्य आवश्यक उर्वरक प्राप्त किए। छबिलाल बताते हैं सहकारी समिति में बहुत अच्छा प्रबंध है। किसी प्रकार की भीड़ नहीं थी, स्टाफ ने सहयोगपूर्वक सभी सामग्री उपलब्ध कराई। पहले प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों में खाद-बीज लेना पड़ता था, अब सरकार की इस योजना से काफी राहत मिली है।

### किसानों को सौर सुजला योजना का मिल रहा है लाभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार किसानों को हर संभव मदद करने और शासन की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में जिले के कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही नलकूप खनन कराकर उसमें सौर सुजला योजना से पम्प भी लगाकर स्प्रिंकलर से सिंचाई की सुविधा दी गई है। इसी कड़ी में कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम गिनाबहार निवासी कृषक सुखसाय को कृषि विभाग के माध्यम से शाकम्भरी योजना से विद्युत पम्प का लाभ दिया गया है। कृषक के पास 2.000 हेक्टेयर भूमि है। जिसमें एक जगह कुआ है। जिसमें कृषक के पास सिंचाई हेतु पम्प न होने के कारण सिंचाई नहीं कर पाता था। इस वर्ष कृषि विभाग के माध्यम से शाकम्भरी योजना से विद्युत पम्प लेकर गेहूं की खेती कर रहा है। कृषि विभाग के माध्यम से ही नलकूप खनन कराकर उसमें सौर सुजला योजना से पंप लगाकर स्प्रिंकलर से सिंचाई कर खेती की जा रही है। जिसमें कृषक को रबी और खरीफ मौसम में कृषि कार्य किया जा रहा है।

### सीएमएचओ ने घर जाकर की नवजात के स्वास्थ्य की जांच

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत सोनक्यारी सतालूटोली निवासी श्रीमती संतोषी बाई का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उनके निवास स्थान पर जाकर किया गया। जांच के दौरान संतोषी बाई एवं उनके नवजात शिशु दोनों को स्वस्थ पाया गया। उल्लेखनीय है कि संतोषी बाई जिनका प्रसव 01 जुलाई की रात को हुआ था। नाले में जलभराव जैसी विकट परिस्थिति में भी 02 जुलाई को मितानिन श्रीमती बीफनी बाई ने मानवीय सेवा और कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश करते हुए संतोषी बाई को पीठ पर बिठाकर नाला पार कर सोनक्यारी अस्पताल पहुँचाया। 04 जुलाई को दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद 05 जुलाई को स्वयं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संतोषी बाई के घर पहुंचकर दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने मितानिन बिफनी बाई से भी मुलाक़ात कर उनके इस साहसिक कार्य की सराहना की। सीएमएचओ के बताया कि चुकि नाला का पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण बारिस के समय अस्पताल पहुंचने में कठिनाई होती हैं ।

# मझीडीह में सड़क पर कीचड़ से चलना मुश्किल

## खेतों में पानी, किसान बेहाल, ग्रामीणों ने रिंग पाइप खरीदने तक उठाया कदम





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा।** जिले के कुकानार क्षेत्र क्रमांक 03 अंतर्गत ग्राम पंचायत कोडरीपाल-02 के आश्रित ग्राम मझीडीह और चिंगारास की बदहाल सड़क व्यवस्था ने ग्रामीणों को भारी परेशानी में डाल दिया है। सूचना मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम मौके पर पहुँचे और गाड़ी से उतरकर दो किलोमीटर पैदल चलकर गांव का निरीक्षण किया।

यह क्षेत्र चिंतागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आता है, जहां पांच सौ से अधिक की आबादी निवास करती है। बरसात के दिनों में गांव की सड़क पूरी तरह से कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी है। हालत यह है कि लोग पैदल तक नहीं चल पा रहे, कई ग्रामीणों के चप्पल तक कीचड़ में फंसकर खो चुके हैं।गुपनपाल से मझीडीह तक सड़क बनी जरूर है, लेकिन खेत के पास पुलिया नहीं बनाई गई, जिसके चलते बारिश का पानी खेतों में भर गया है। इससे न केवल ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है, बल्कि किसान बोवनी तक नहीं कर पा रहे। खेतों में ट्रैक्टर नहीं जा पा रहे और पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं है, जिससे फसल पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने बताया कि वे खुद चंदा कर रिंग पाइप खरीदने की तैयारी कर रहे थे, ताकि किसी तरह पानी का निकास हो और सड़क थोड़ी सुधरे। इस आत्मनिर्भर लेकिन पीड़ादायक प्रयास की जानकारी मिलते ही महेश कुंजाम ने कहा कि यह अत्यंत गंभीर मामला है और इसे वे तत्काल सुकमा जिला प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

इस मौके पर ग्रामीणों ने महेश कुंजाम से मिलकर साफ कहा कि वे कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। अब जरूरत है कि सुकमा जिला प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करे और मझीडीह-चिंगारास मार्ग की मरम्मत, पुलिया निर्माण और जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करे। यह केवल विकास का सवाल नहीं, बल्कि आम ग्रामीणों और किसानों की जिंदगी और जीविका का सवाल है।

# फरार कैदी 3 माह बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर




**दंतेवाड़ा।** बीते 3 माह पहले जिला जेल से फरार एक कैदी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस तमाम प्रयास में जुटी है लेकिन फरार कैदी का कोई सूराग नहीं मिल पा रहा। सख्त पहरा एवं कड़ी निगरानी के बाद भी जिला जेल से कैदी का फरार होना एवं महिनों बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगना कहीं ना कहीं हमारी जेल एवं पुलिस प्रशाासन की कमजोर व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़े करता है। गौरतलब है कि 3 अप्रैल की शाम जेल में बंद विचाराधीन बंदी महेंद्र दीवान पिता फूलदास दीवान, निवासी चितालंका जेल की दीवार फांदकर बड़ी चालाकी से फरार हो गया था। महेंद्र दीवान छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के 22वें बटालियन का सिपाही था। वह आदतन चोर है उस पर कारली स्थित कैंटिन में घुसकर ताला तोड़कर लॉकर से 8 लाख रूपए चोरी करने का आरोप है। दीवान पर बीएनएस की धारा 267 के तहत अपराध कायम किया गया था जिसके बाद उसे पकड़कर न्यायालय की शरण में ले जाया गया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। फरार विचााधीन बंदी महेंद्र दीवान 09 अक्टूबर 2024 से जिला जेल में बंद था। पुलिस तमाम प्रयासों के बाद भी उसे अब तक पकड़ नहीं पाई है। थाना प्रभारी धनन्जय सिन्हा ने कहा कि पुलिस उसकी पतासाजी एवं घेराबंदी में लगी हुई है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

# 4 उर्वरक केन्द्रों में बिक्री पर लगा प्रतिबंध

**बालोद।** उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में लगातार उर्वरक गुण नियंत्रण के तहत सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय परिसर का निरीक्षण कृषि विभाग के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। अब तक 93 सहकारी एवं निजी कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है, जिसमें अनियमितता पाये गये 25 उर्वरक विक्रय केन्द्रों को उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत नोटिस जारी कर, 4 निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है।



जिसमें विकासखण्ड गुण्डरदेही में चन्द्राकर कृषि केन्द्र सिकोसा, सार्वा सेवा कृषि केन्द्र गुण्डरदेही एवं विकासखण्ड डौण्डी में कोठारी कृषि केन्द्र व सुन्दर कृषि केन्द्र खलारी शामिल है। मैदानी अमलों के द्वारा डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में 20:20:0:13, एन.पी.के., 12:32:16 एवं नैनो डी.ए.पी. नैनो यूरिया का उपयोग करने हेतु समझाईस दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में कृषकों को निर्धारित दर पर एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।इसके साथ ही अनियमित्ता पाये जाने पर उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की जा रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में उर्वरक गुण नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय व विकासखण्ड स्तरीय दल का गठन किया गया है।

# तेंदूपत्ता गोदाम के वॉशरूम में फंसकर पशु की मौत

## गोदाम प्रभारी एवं चौकीदार की लापरवाही से गई बेजुबान की जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा ।** नगर के देवांगन कालोनी स्थित वन विभाग के पुराने तेंदूपत्ता गोदाम के वॉशरूम में फंसकर एक बेजुबान जानवर की मौत होने की घटना प्रकाश में आया है। रविवार सुबह गोदाम की तरफ से आ रही सडांध भरी दुर्गंध वाली जगह पर जाकर जब लोगों ने देखा तो गोदाम के साइड में स्थित वॉशरूम के अंदर एक जानवर मरा पड़ा दिखाई दिया। मामले की जानकारी वन विभाग के कर्मचारियों को दी गई जिसके बाद जेसीबी की मदद से मृत जानवर की बॉडी को मशक्कत के बाद वॉशरूम से बाहर निकालकर उसे जंगल लेजाकर गढढा खोदकर उसे दफनाया गया।

गौरतलब हैं कि दंतेवाड़ा स्थित वन विभाग का यह तेंदूपत्ता गोदाम कई वर्षो पुराना है। गोदाम में तेंदूपत्ता इत्यादि वनोपज समय समय पर संग्रहण कर रखा जाता है। गोदाम की देखरेख के



लिए गोदाम प्रभारी एवं चौकीदार भी नियुक्त हैं मगर दोनों कर्मचारियों की घोर लापरवाही के चलते एक निरीह जानवर की मौत संकरे पुराने अनुपयोगी वॉशरूम में फंसकर हो गई। बेजुबान किसी तरह संकरे वॉशरूम के अंदर अधखुले दरवाजे को ठेलकर घुस तो गया मगर निकलते वक्त दरवाजा अंदर से आधा बंद हो गया जिससे चाहकर भी बेजुबान फिर बाहर नहीं निकल पाया । अंततः कई दिनों तक भुखे प्यासे रहने के चलते उस बेचारे बेजुबान की वहीं पड़े पड़े मौत हो गई। यहां सवाल गोदाम की देखरेख के लिए प्रभारी और चौकीदार के कार्यप्रणाली पर उठते हैं कि एक जानवर कई दिनों तक गोदाम के वॉशरूम में फंसा रहा मगर इनकी नजर उस पर क्यों नहीं पड़ी? गोदाम प्रभारी एवं चौकीदार आखिर क्या कर रहे थे? जानवर के मरने की दुर्गंध आने के बावजूद भी इसकी भनक गोदाम प्रभारी एवं चौकीदार को क्यों नहीं लगी? इसका सीधा मतलब यह कि कई दिनों से गोदाम की ओर चौकीदार एवं प्रभारी नहीं गए थे जिसके चलते उन्हें अंदर मरा पड़ा जानवर नहीं दिखाई पड़ा। गोदाम प्रभारी देवीराम ओयाम से जब पुछा गया कि आखिर गाय अंदर कैसे घुस गई? मृत जानवर की दुर्गंध पर भी आप लोगों ने इसे क्यों नहीं हटाया तो उन्होने अपनी अकर्मण्यता का परिचय देते सवाल करने वाले मीडियाकर्मी से कुतर्क करने लगे और कहा कि जिसका जानवर है उसको जब होश नहीं तो हम क्या कर सकते हैं।

# युवक पर भालू ने किया हमला

**कोंडागांव।** जिले से एक सनसनीखेज खबर सामने आई है। जंगल में फुटु (मशरूम) निकालने गए युवक पर भालू ने हमला कर दिया। युवक भालू का शिकार तब बना जब वह अपने गांव सिदावण्ड के जंगल में अकेला घूम रहा था। जानकारी के अनुसार, अचानक सामने आए भालू ने युवक पर हमला कर दिया, जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। भालू ने युवक के गले और हाथ पर गंभीर वार किए। खून से लथपथ हालत में किसी तरह जान बचाकर युवक घर पहुंचा, जहां परिजनों ने तत्काल उसे केशकाल



अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और घायल युवक की स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# संभाग स्तरीय चेस टूर्नामेंट में 350 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**जगदलपुर।** जिला शतरंज संघ जगदलपुर के द्वारा इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय चेस टूर्नामेंट के समापन अवसर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर संजय पांडे शामिल हुए। 350 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया भाग लिया।

मालूम हो कि रविवार को इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पांच वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में दिव्यांग और सबसे अधिक उम्र के प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरस्कार की व्यवस्था भी की गई। इस प्रतियोगिता में बस्तर संभाग से 350 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया।




कार्यक्रम में राजेश त्रिपाठी, शशांक शेंडे, अशोक तिवारी, राजेश जेना, हितेश तिवारी, तरुण सारथी, अभिनव जेना, अभिषेक जेना, मिनेश पानीग्राही,बी एस ध्रुव,रोहित तिवारी, लोकेश पांडे, धनसिंह सेन, पूर्णिमा सरोज, जयश्री शेंडे, मंजू सारथी, सुकीर्ति तिवारी, सुचिस्मिता जेना, संगीता तिवारी, बबिता बेंजारे आदि उपस्थित रहे।

# शाला प्रवेशोत्सव में भाजपा पदाधिकारियों को दिया गया महत्व : मनीष कुंजाम

**सुकमा!** भाजपा आर.एस.एस की सरकार सारे कार्यक्रमों को तिहार, पण्डुम उत्सव के रूप में मना रही है, इन नामों तथा मनाने के तरीकों से ऐसा जाहिर होता है कि सरकार अपने नाकामियों व गलतियों को इन अंलकृत नामों व मनाने की शासकीय भव्यता से दफ्नाना या छिपाना चाहती है। शाला प्रवेश उत्सव पाठशालाओं से होकर आज 4 जुलाई 2025 को जिला (सुकमा) स्तर का आयोजन के साथ जिले में समाप्त हो गया । देखने में आया कि इन आयोजनों में भाजपा के पदाधिकारियों जो जनप्रतिनिधि नहीं है, उन्हें ज्यादा महत्व दिया गया । हमारे



साथियों ने जो सूचनाएं दी है, मीडिया में खबरों के अनुसार भाजपा का आयोजन जैसा लगा है, ग्राम पंचायत, जनपद, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष शिक्षा समिति के पद सभापति कानूनन है, लेकिन उन्हें भी कई स्थानों में अपमानित होना पड़ा था। गोलापल्ली जैसा जगह पर मौजूद जनपद CEO से लड़ झगड़ बैठे थे। कमावेश सभी जगह ऐसी ही स्थिति था। सरकर की खड़ी की गई कई गंभीर समस्याएं सामने खड़ी है। युक्तिकरण से प्राथमिक पाठशालाएं बंद होगी, इससे हजारों गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित होंगे।

# राशन वितरण की समय सीमा बढ़ाए जाने पर हितग्राहियों के चेहरों पर आई मुस्कान : अरुण

**सुकमा।** भारत सरकार एवं खाद्य सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली पी डी एस के तहत राशन वितरण की समय सीमा को बढ़ाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से देशभर में करोड़ों राशन कार्ड धारक परिवारों को बड़ी राहत मिली है। विशेषकर सुदूर और वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले गरीब एवं वंचित तबके के हितग्राहियों में इस फैसले से खुशी की लहर दौड़ गई है।सुकमा जिले के सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी सोच और गरीबों के प्रति



संवेदनशीलता को दर्शाता है। सांसद प्रतिनिधि भदौरिया ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खाद्य मंत्री का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

*यह ऐतिहासिक निर्णय गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल जनहित में ऐतिहासिक कदम है।*

**- लीलाधर राठी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष**

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में बन रहे आयुष्मान कार्ड

**सुकमा।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किये जाने हेतु सुविधा शिविर एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिविर में ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड और वय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु 08 जुलाई से 31 जुलाई तक चिन्हांकित स्थानों में सुविधा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य



योजना एवं शहीद वीर नारायण स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के द्वारा परिवार में प्रत्येक सदस्य को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुविधा उपलब्ध कराती है। इसके साथ ही वय वंदना कार्ड योजना के अंतर्गत 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों को प्रति व्यक्ति 5 लाख रुपये की मुफ्त इलाज सुविधा प्रदान करती है।

जारी आदेशानुसार कोंटा विकासखंड में 8 जुलाई से 10 जुलाई तक रायगुड़ा में शिविर लगाया जाएगा जिसमे चिमलीपेंटा, सुरपनगुड़ा और मोरपल्ली के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार 15 जुलाई से 17 जुलाई तक सालातोंग में शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें पोटकपल्ली, पालाचलमा और पेंटापाड़ के ग्रामीण शामिल होंगे। 23 से 27 जुलाई तक दुलेड़ में आयोजित शिविर में दुलेड़, बुरकापाल और एल्मागुंडा के ग्रामीण शामिल होंगे। 29 से 31 तक गोलापल्ली में आयोजित शिविर में सिंगाराम, क्रिस्टाराम, गंगलेर और मेहता के ग्रामीण शामिल होंगे। छिंदगढ़ और सुकमा विकासखंड सहित सम्पूर्ण जिले में 5 जुलाई से लगातार घर घर भ्रमण कर और शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं।

# गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव मनेगा दंतेवाड़ा में

## नगर में पहली बार हो रहा राज्य स्तरीय आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** पूरी दुनिया को श्रीरामचरित मानस जैसा अद्भुत ग्रंथ देने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्मोत्सव 31 जुलाई को दंतेवाड़ा के मेंडका डोबरा मैदान पर मनाया जाएगा। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ द्वारा तुलसी जयंती पर यह राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर हर साल विभिन्न जिलों में यह राज्य स्तरीय आयोजन किया जाता है। बीते वर्ष कोंडागांव जिले में यह आयोजन हुआ था। इस बार दंतेवाड़ा जिले में आयोजन की तैयारी की जा रही है।इस सिलसिले में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ की कोंडागांव जिला इकाई के सदस्यों ने दंतेवाड़ा पहुंचकर कार्यक्रम आयोजन पर विचार-विमर्श किया। गायत्री शक्तिपीठ में हुई बैठक में गुप्तेश्वर बघेल जिलाध्यक्ष कोंडागांव, राजेश कुमार गंधर्व



संगठन मंत्री, बत्तेराम कुंजाम संरक्षक, केशव राम कश्यप, कोषाध्यक्ष, मोतीलाल राठौर, जिला संगठन मंत्री, राजेश कुमार नेताम, जिला उपाध्यक्ष, दंतेवाड़ा जिले से परीक्षित मंडावी, खिम्मन सिन्हा, त्रिपुरारी मंडावी, गोपाल सिन्हा, नरेंद्र कुमार साहू, संतोष चौहान, सीताराम सिन्हा व अन्य मानसप्रेमी भक्तजन उपस्थित थे।

**आयोजन समिति का गठन**

तुलसी जयंती सह जन्मोत्सव के लिए जिला स्तर पर आयोजन समिति का गठन भी किया गया। इसमें संरक्षक चैतराम अटामी, विधायक दंतेवाड़ा, विजेंद्र नाथ जिया, सहायक पुजारी दंतेश्वरी माई मंदिर, त्रिपुरारी मंडावी अध्यक्ष गायत्री शक्ति पीठ दंतेवाड़ा, व वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिंह चौहान, आयोजन समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष खिम्मन सिन्हा, उपाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, सचिव परीक्षित मंडावी, सह सचिव नीलम ठाकुर, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू मनोनीत किए गए हैं।

# जिले में खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता

■ **प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में नाम जुड़वाने 31 मार्च तक होगा सर्वेक्षण**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा।** जैसे ही मानसून ने दस्तक दी, किसानों की दिनचर्या खेतों से फिर जुड़ गई। कोई हल लेकर खेतों की जुताई में जुट गया है तो कोई अपने बच्चों और पत्नी के साथ धान की रोपाई करता नजर आता है। किसान पहले खेतों की मिट्टी को प्रणाम करते हैं और फिर सच्ची श्रद्धा के साथ प्रकृति की देन को संवारने में लग जाते हैं। इस जुड़ाव में एक और राहतभरी बात यह है कि अब उन्हें खाद और बीज की चिंता करने की ज़रूरत नहीं पड़ती।

कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में



प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी किसानों के लिए समय रहते खाद और बीज के पर्याप्त भंडारण और वितरण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिले में भी इसकी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। समितियों पर किसान बिना किसी परेशानी के अनुदानित दरों पर गुणवत्तायुक्त खाद और बीज प्राप्त कर रहे हैं।

राज्य सरकार के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कृषकों का उनके कृषि भूमि के आधार पर नगद 3 लाख एवं खाद बीज हेतु 2 लाख तक की साख सीमा उपलब्ध कराई जा रही है। योजनान्तर्गत अद्यतन

6588 कृषकों द्वारा केसीसी का लाभ लिया गया है जिसके अंतर्गत 3413 लाख रूपये कृषकों के खातों में अंतरण किया गया एवम 316 लाख रूपए का खाद बीज प्रदाय किया गया है। खरीफ

सत्र 2025-26 में अधिक से अधिक कृषकों को योजना का लाभ पहुँचाने का प्रयास जारी है। कृषि विभाग द्वारा कृषकों के आवश्यकताओं के अनुसार बीज मांग का भण्डारण किया गया है। जिला विपणन अधिकारी द्वारा खाद मांग की आपूर्ति की जा रही है। जिसका वितरण समितियों (लेम्पस) के द्वारा किया जा रहा है।

## एक नजर

### कैप्टन कूल धोनी ने 44वां जन्मदिन रांची में दोस्तों के साथ मनाया



**रांची, 7 जुलाई (एजेंसी)।** टीम इंडिया को अपनी कप्तानी में 3 आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें धोनी केक काटने से पहले दोस्तों से इजाजत लेते नजर आ रहे हैं। धोनी ने रांची स्थित अपने फार्महाउस पर करीबी दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही केक लाया जाता है, धोनी मुस्कराते हुए पूछते हैं, कट कर दूं? इस पर वहां खड़े एक दोस्त ने जवाब दिया 'हां'। इसके बाद धोनी ने अपने सभी दोस्तों को केक खिलाया। धोनी अब तक के एकमात्र भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने भारत को तीन आईसीसी ट्रॉफी, 2007 टी-20 वर्ल्ड कप, 2011 आईसीसी वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जिताई हैं। उनके नेतृत्व में भारत टेस्ट में भी नंबर-1 टीम बना। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप उनके संन्यास लेने के बाद शुरू हुई। उन्होंने 2014 में टेस्ट से और 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल में अब भी खेल रहे हैं।

### वियान मुल्डर ने टेस्ट मैच में टी-20 अंदाज में बल्लेबाजी की, वर्ल्ड क्रिकेट में पहली बार हुआ ये करिश्मा



**बुलवायो, 7 जुलाई (एजेंसी)।** वियान मुल्डर कप्तान के तौर पर डेब्यू इनिंग में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने एक ही दिन में 259 गेंदों पर तीन छक्के और 34 चौकों की मदद से नाबाद 264 रन की पारी खेली है। दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर को केशव महाराज की गैरमौजूदगी में जिम्बाब्वे के खिलाफदूसरे टेस्ट की कमान सौंपी गई। उन्होंने बतौर कप्तान अपनी पहली ही पारी में इतिहास रच दिया। वियान मुल्डर ने बुलावायो में जारी इस मुकाबले के पहले दिन 259 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 264 रन जड़ दिए। उनकी इस पारी में तीन छक्के और 34 चौके शामिल थे।

**कप्तानी की डेब्यू इनिंग में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी:** इसी के साथ मुल्डर कप्तान के तौर पर डेब्यू इनिंग में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस पारी के साथ ग्राहम डाउलिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने साल 1968 में न्यूजीलैंड की ओर से खेलते हुए भारत के खिलाफ239 रन जड़े थे। यह बतौर कप्तान ग्राहम की पहली टेस्ट पारी थी।

# विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं नंबर-1 सबालेंका

## जर्मनी की लौरा सिगमंड भी जीतीं, मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-3 जोड़ी उलटफेर का शिकार

विंबलडन के राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में रविवार को वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने विमेंस सिंगल्स के मैच में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को सीधे सेट में हरा दिया। मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-5 टेलर फ्रिट्ज ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना लिया।

**विमेंस सिंगल्स में 3 प्लेयर्स जीतीं**

वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका न मर्टेंस को 6-4, 7-6 (7-4) के अंतर से हरा दिया। विमेंस सिंगल्स में उनके अलावा रूस की एनास्तासिया पाव्ल्यूचेंकोवा ने ब्रिटेन की सोनाय कार्टाल को 7-6 (7-3), 6-4 से हराया। वहीं जर्मनी की लौरा सिगमंड ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। एरिना सबालेंका का क्वार्टर फाइनल मैच 8 जुलाई को लौरा सिगमंड से होगा।





**मेंस डबल्स में नंबर-1 जोड़ी जीतीं**

मेंस डबल्स में अर्जेंटीना के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दोनों की नंबर-1 जोड़ी ने चेक रिपब्लिक के पैट्रिक रिकल और पीटर नौजा की जोड़ी को 7-5, 7-6 (15-13) के अंतर से हराया।

मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हरा दिया।

अन्य मुकाबलों में ब्राजील के मार्सेलो मेलो और राफेल माटोस की जोड़ी ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वहीं वर्ल्ड नंबर-10 जोड़ी मोनाको के ह्यूगो नायस और फ्रांचस एडोर्ड रोजर वैसलीन को भी जीत मिल गई।

**मेंस सिंगल्स में फ्रिट्ज जीते**

मेंस सिंगल्स के में वर्ल्ड नंबर-5 अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को ऑस्ट्रेलिया को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफवॉकओवर मिल गया। वॉकओवर के वक्त फ्रिट्ज 6-1, 3-0 से आगे थे। वहीं दूसरे मुकाबले में रूस के कैरेन खाचनोव ने पोलैंड के कामिल माजरेक को 6-4, 6-2, 6-3 से हरा दिया।

# बर्मिंघम में टीम इंडिया की 58 साल में पहली जीत

**दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से हराया, आकाशदीप- 10 विकेट, गिल- 430 रन**



**बर्मिंघम, 7 जुलाई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। 608 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम मैच के आखिरी दिन 271 रन पर ऑलआउट हो गई। यह इंग्लैंड की धरती पर रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 279 रन से जीत का था। भारत ने 1986 में लीड्स में अंग्रेजों को इस अंतर से हराया था। साथ ही भारत ने बर्मिंघम में 58 साल में पहली जीत हासिल की है। इससे पहले यहां खेले 8 टेस्ट में से 7 में भारत को हार मिली थी और 1 मुकाबला ड्रॉ हुआ था। मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बारिश के कारण मुकाबला करीब 90 मिनट की देरी से शुरू हुआ। लंच तक अंग्रेजों ने तीन विकेट और गंवा दिए। दूसरे सत्र में बाकी बचे चार विकेट गिरे। भारत के लिए आकाश दीप ने 6, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।

**तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में 10 जुलाई से होगा**

सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। यहां भारत ने अब तक 19 टेस्ट खेले हैं और 3 में जीत हासिल की है। 12 में हार मिली है और 4 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि टीम ने यहां पिछले तीन में से दो टेस्ट मैच जीते हैं।

### गिल को भरोसा था, बर्मिंघम में बनाएंगे रिकॉर्ड

टीम इंडिया ने बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से हरा दिया। बर्मिंघम में 58 साल में भारतीय टीम की यह पहली जीत है। इससे पहले यहां खेले 8 टेस्ट में से 7 में भारत को हार मिली थी और 1 मुकाबला ड्रॉ हुआ था। दूसरे टेस्ट से पहले जब टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल से एक ब्रिटिश पत्रकार ने पूछा था, कि आपको कोई आइडिया है कि भारत ने यहां पर एक भी मैच क्यों नहीं जीते हैं। गिल ने कहा था कि मेरे पास ऐसी टीम है, जो जीत सकती है। गिल की यह कथन सही साबित हुई। कप्तान शुभमन गिल ने दोनों पारियों को मिलाकर 430 रन बनाए। वहीं, आकाशदीप ने 10 विकेट लिए। विराट, रोहित और बुमराह जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में युवा टीम पर शायद ही किसी को ऐसे कारनामे की उम्मीद थी। भले ही भारतीय टीम को लीड्स में 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ता हो।



### आकाश बोले-प्रदर्शन कैंसर से लड़ रही बहन को समर्पित

बर्मिंघम टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप ने अपना प्रदर्शन कैंसर से लड़ रही अपनी बहन को डेडिकेट किया है। उन्होंने जीत के बाद कहा- 'हर बार जब मैं गेंद लेता तो उसके विचार और तस्वीर मेरे दिमाग में आ जाती। यह प्रदर्शन उसे समर्पित है।' वे चेतेश्वर पुजारा से बात करते हुए इमोशनल हो गए। आकाशदीप ने कहा- 'मैंने इस बारे में किसी से बात नहीं की है, लेकिन 2 महीने पहले मेरी बहन को कैंसर का पता चला था। वो मेरे प्रदर्शन से बहुत खुश होगी और उसके चेहरे पर मुस्कान आएगी।' आकाश दीप ने पुजारा से अपने इमोशन कंट्रोल करते हुए कहा- मैं उससे कहना चाहता हूं, बहन, हम सब तुम्हारे साथ हैं। आकाश दीप मैच के बारे में बात करते हुए आकाश दीप खुश थे, क्योंकि उन्होंने जो योजना बनाई, वे कारगर रहीं। उन्होंने कहा, 'मैंने लॉर्ड्स के लिए अपनी रणनीति के बारे में नहीं सोचा है, लेकिन यह यहां की रणनीति से बहुत अलग नहीं होगी।'



# पाल्मेरास को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा चेल्सी

ब्रेक के बाद पाल्मेरास ने जोरदार वापसी की, जब युवा फुटबॉलर एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में एक शानदार गोल दागते हुए टीम को बराबरी पर ला दिया, लेकिन मुकाबले के 83वें मिनट में अगस्टिन जियाय के आत्मघाती गोल के चलते पाल्मेरास ने मुकाबला 1-2 से गंवा दिया।

अगस्टिन जियाय के अंतिम क्षणों में किए गए आत्मघाती गोल की बदौलत चेल्सी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पाल्मेरास पर 2-1 से जीत हासिल की। यह मुकाबला फिलाडेल्फिया के लिंकन फाइनेंशियल फील्ड पर खेला गया। इसी के साथ चेल्सी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। कोल पाल्मर ने पहले हाफ में चेल्सी के लिए गोल किया, जिससे 'ब्लूज' को न्यूयॉर्क में ब्राजील की टीम फ्लूमिनेंस के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद मिली।

ब्रेक के बाद पाल्मेरास ने जोरदार वापसी की, जब युवा फुटबॉलर एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में एक शानदार गोल दागते हुए टीम को बराबरी पर ला दिया, लेकिन मुकाबले के 83वें मिनट में अगस्टिन जियाय के आत्मघाती गोल के चलते पाल्मेरास ने मुकाबला 1-2 से गंवा दिया।



चेल्सी के मैनेजर एन्जो मारेस्का ने कहा, जैसा कि हमने उम्मीद की थी, यह एक मुश्किल मुकाबला था। मुझे लगता है कि दूसरे हाफ की तुलना में हम पहले हाफमें थोड़े बेहतर थे। हमने मुकाबले को बेहतर तरीके से कंट्रोल किया। मुझे लगता है कि हम जीत के हकदार थे। खिलाड़ियों को बधाई, क्योंकि उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया हैं।

मारेस्का ने आगे कहा, मैं खुश हूं क्योंकि हम जीत गए, खुश हूं क्योंकि उन्होंने गोल किया, इसलिए यह एक शानदार रात है। वहीं, दूसरी ओर फीफा क्लब विश्व कप 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए फ्लूमिनेंसे ने अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया है। यह दोनों क्लब के बीच पहली भिड़ंत थी।

**ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीता**

# वेस्टइंडीज को 133 रनों से हराया सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल

**ग्रेनेडा, 7 जुलाई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेनेडा में खेले गए दूसरे टेस्ट मुकाबले में वेस्टइंडीज को 133 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है। यह मुकाबला चार दिन में ही समाप्त हो गया। सीरीज का आखिरी मैच 12 जुलाई से जमैका के सबीना पार्क में डे-नाइट होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरे टेस्ट में मेजबान वेस्टइंडीज के सामने 277 रन का टारगेट रखा था। वेस्टइंडीज की टीम अपनी दूसरी पारी में 143 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।



**13 ओवर से पहले ही वेस्टइंडीज ने गवां दिए 4 विकेट:** 277 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के टॉप ऑर्डर का खराब प्रदर्शन जारी रहा। लंच से पहले वेस्टइंडीज की पारी के खेले गए 12.4 ओवर में कैरेबियाई टीम ने 33 रन पर चार विकेट गवां दिए थे।

**30 रन से ज्यादा की केवल एक पार्टनरशिप :** वेस्टइंडीज की लगातार विकेट गिरते रहे। पहला विकेट 8 गेंदों के बाद ही शून्य के स्कोर पर गिर गया। जॉन कैंपबेल LBW आउट हो कर पवेलियन लौट गए। वहीं, 15 के स्कोर में केसी कर्टी भी आउट हो गए। टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। 30 से ज्यादा रन की केवल एक साझेदारी हुई। रोस्टन चेज और शाई होप ने 5वें विकेट के लिए 47 गेंदों पर 38 रन की पार्टनरशिप की। रोस्टन चेज ही टीम के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 41 गेंदों पर 34 रन बनाए। होप ने 25 गेंदों का सामना कर 17 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और नाथन लायन ने 3-3 विकेट लिए। जबकि जोश हेजलवुड को 2 विकेट और पैट कमिंस-ब्यू वेब्स्टर को 1-1 विकेट मिला।

## व्यापार


### लाइफस्टाइल ब्रांड ऑरेंज ट्री ने रायपुर में खोला अपना पहला स्टोर




**रायपुर, 7 जुलाई (एजेंसी)।** जोधपुर स्थित लाइफस्टाइल ब्रांड ऑरेंज ट्री ने सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर रायपुर में अपना छठा स्टोर लॉन्च किया है। देवपुरी रोड पर हरियाली से घिरे 2,000 वर्गफुट में फैला यह एक्सपीरिएंशल स्टोर एक नई डिज़ाइन भाषा को प्रस्तुत करता है, जो समकालीन सौंदर्यशास्त्र को पारंपरिक शिल्प और आधुनिक शहरी जीवन से जोड़ता है। यह इमर्सिव स्टोर ऑरेंज ट्री के रचनात्मकता, स्थायित्व और संस्कृति पर केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। ब्रांड की आधुनिक आर्टिज़नल सोच लाइटिंग, फर्नीचर और डेकोर कलेक्टेबल्स की खूबसूरती से प्रदर्शित रेंज में झलकती है। हर प्रोडक्ट कैटेगरी को एक थीम के रूप में डिस्प्ले किया गया है, जिससे विज़िटर्स को घर जैसा अनुभव मिलता है। चाहे वह लिविंग हो, डाइनिंग या बेडरूम सेटिंग ङ्क सभी डिस्प्ले इतने रियलिस्टिक हैं कि वे कल्पना को सजीव कर देते हैं। कॉस्मोपॉलिटन विज़िटर्स को ध्यान में रखते हुए, यह स्पेस ऐसा डिज़ाइन किया गया है कि वे एक घरेलू वातावरण में विभिन्न कलेक्शनों को आसानी से एक्सप्लोर कर सकें।

### पोस्ट ऑफिस की इस योजना से मिलेगा लाखों का फायदा, ऐसे उठाएं लाभ

**नई दिल्ली, 7 जुलाई (एजेंसी)।** पोस्ट ऑफिस की सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम रिटायरमेंट के बाद नियमित आय सुनिश्चित करता है। जानिए इस योजना से आप कैसे लाभ उठा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस की सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (SCSS) वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक निवेश विकल्प है, जो रिटायरमेंट के बाद नियमित आय सुनिश्चित करता है। यह योजना भारत सरकार द्वारा समर्थित है, जिसके कारण यह जोखिम-मुक्त और भरोसेमंद है। आइए जानते हैं इस स्कीम के फायदे, पात्रता, और इसे शुरू करने की प्रक्रिया के बारे में।




**SCSS के प्रमुख फायदे:** आकर्षक ब्याज दर: वर्तमान में स्स्स्स 8.2त्न प्रति वर्ष की ब्याज दर प्रदान करता है (1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक के लिए)। ब्याज त्रैमासिक आधार पर मिलता है, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए नियमित आय का स्रोत बनता है। टैक्स लाभ: इस स्कीम में निवेश की गई राशि पर आयकर अधिनियम की धारा 80C के तहत 1.5 लाख रुपये तक की कर छूट मिलती है। हालांकि, ब्याज आय कर योग्य है।

## ट्रैवल फूड सर्विसेज का आईपीओ आज से ओपन हुआ

# 9 जुलाई तक बोली लगा सकेंगे, मिनिमम 14,300 निवेश करने होंगे

**मुंबई, 7 जुलाई (एजेंसी)।** लाउंज और क्विक सर्विस रेस्टोरेंट चेन चलाने वाली कंपनी ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ आज खुल गया है। ये 9 जुलाई तक खुला रहेगा। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 2,000 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है।

इस IPO में 1.8 करोड़ शेयर बेचे जाएंगे। यह IPO पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल (OFS) है। यानी कंपनी के मौजूदा शेयरधारक (जैसे कि प्रमोटर, निवेशक या अन्य बड़े शेयरधारक) अपने पास मौजूद कंपनी के शेयरों को बेचने के लिए जनता को पेश करेंगे। इसका मतलब यह है कि कंपनी पैसा जुटाने के लिए नए शेयर जारी नहीं कर रही, बल्कि पहले से मौजूद शेयर बेचे जा रहे हैं।




**मिनिमम और मैक्सिमम कितना पैसा लगा सकते हैं:** ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड ने IPO का प्राइस बैंड 1045 - 1,100 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 13 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 1,100 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,300 इन्वेस्ट करने होंगे।

वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 169 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,94,285 इन्वेस्ट करने होंगे।

**इश्यू का 35% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व:** कंपनी ने IPO का 50त्न हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा 35% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए रिजर्व है।

**IPO क्या होता है**

जब कोई कंपनी पहली बार अपने शेयर्स को आम लोगों के लिए जारी करती है तो इसे इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO कहते हैं। कंपनी को कारोबार बढ़ाने के लिए पैसे की जरूरत होती है। ऐसे में कंपनी बाजार से कर्ज लेने के बजाय कुछ शेयर पब्लिक को बेचकर या नए शेयर इश्यू करके पैसा जुटाती है। इसी के लिए कंपनी IPO लाती है।

# अडानी ग्रुप कराएगा आपकी कमाई, लाया है एफडी से काफी ज्यादा ब्याज वाली स्कीम

**नई दिल्ली, 7 जुलाई (एजेंसी)।** अडानी एंटरप्राइजेज 9 जुलाई को एनसीडी लॉन्च कर रहा है। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर का दूसरा पब्लिक इश्यू लेकर आ रही है। इसमें 9.30त्न ब्याज दर मिल रही है।

अगर आप अपनी बचत पर एफडी से ज्यादा ब्याज वाला निवेश विकल्प खोज रहे हैं और कॉरपोरेट सेक्टर में पैसा लगाने से संकोच नहीं है, तो आपके लिए एक मौका है। अडानी ग्रुप आपके लिए निवेश का मौका लेकर आया है। ग्रुप की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने अपने नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर (NCD) के दूसरे पब्लिक इश्यू की घोषणा की है। इसका पहला एनसीडी इश्यू सितंबर 2023 में आया था। यह 800 करोड़ रुपये का इश्यू पहले ही दिन पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था। अब नया इश्यू 9 जुलाई से ओपन हो रहा है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

### एनसीडी क्या होते हैं

एनसीडी यानी नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर एक लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल इस्ट्रूमेंट होता है। यह बॉन्ड की तरह ही होता है। कंपनियां निवेशकों से पैसा जुटाने के लिए इसे लॉन्च करती है। यानी इसमें आप कंपनी को कर्ज दे रहे होते हैं। यह आमतौर पर किसी कॉलेटरल द्वारा समर्थित नहीं होती है। इसलिए यह पूर्ण रूप से जारीकर्ता की साख और प्रतिष्ठा पर ही डिपेंड करती है। यही कारण है कि डिबेंचर्स मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों द्वारा ही फंड जुटाने के लिए जारी किये जाते हैं। इसमें निवेशकों को एक फिक्स रेट पर ब्याज मिलता है। डिबेंचर कई तरह के होते हैं। इनमें से कन्वर्टिबल और नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर प्रमुख हैं। कन्वर्टिबल डिबेंचर वे होते हैं जिन्हें एक निश्चित समय बाद कंपनी के शेयरों में कन्वर्ट करने का विकल्प रहता है। नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर में निवेशक के पास यह विकल्प नहीं होता है।



# सोने-चांदी के दाम में गिरावट

**नई दिल्ली, 7 जुलाई (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 7 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 284 कम होकर 96,737 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 97,021 पर था।

वहीं चांदी की कीमत 556 कम होकर 1,07,024 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,580 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**सोना 284 कम होकर 96,737 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.07 लाख किलो बिक रही**

**भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली:** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,440 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,250

**मुंबई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,290 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,100

**कोलकाता:** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,290 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,100

**चेन्नई:** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,290 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,100

**भोपाल:** 24 कैरेट सोने की कीमत 98,340 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150

**इस साल अब तक 20,575 महंगा हुआ त्न** सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,575 रुपए बढ़कर 96,737 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,507 रुपए बढ़कर 1,07,024 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# जियो ब्लैकरॉक ने पहले एनएफओ में ही जुटाए 17,800 करोड़ रुपये

**मुंबई, 7 जुलाई (एजेंसी)।** जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने अपने पहले ही न्यू फंड ऑफर में कुल 17,800 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हासिल कर लिया है। कंपनी ने तीन नकद/ऋण म्यूचुअल फंड लॉन्च किए थे। इनमें जियोब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड, जियोब्लैकरॉक लिक्विड फंड और जियोब्लैकरॉक मनी मार्केट फंड शामिल थे। 90 से अधिक संस्थागत निवेशकों और 67,000 से अधिक व्यक्तियों ने ऑफर अवधि के दौरान इन फंडों में निवेश किया।

जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट कंपनी दरअसल जियो फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड (छ्वस्नस्रु) और ब्लैकरॉक इंक का संयुक्त उद्यम है। 30 जून को शुरू हुआ यह न्यू फंड ऑफर 02 जुलाई, 2025 को बंद हुआ। यह न्यू फंड ऑफर भारत के नकद/ऋण फंड सेगमेंट में सबसे बड़ा था, जिसने जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट को देश के 47 फंड हाउसों में से शीर्ष 15 एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में शामिल कर दिया।

जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट के प्रबंध निदेशक और सीईओ सिड स्वामीनाथन ने कहा: संस्थागत और खुदरा निवेशकों के बीच हमारे पहले एनएफओ को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यह जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट की निवेश फिलोसोफी, जोखिम प्रबंधन क्षमताओं और डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। यह भारत के विकसित हो रहे निवेश परिदृश्य में, एक ताकत बन कर उभरने की दिशा में एक मजबूत कदम है। जियोब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने खुदरा निवेशकों को आकर्षित करने के लिए एक 'अकाउंट क्रिएशन इनिशिएटिव' की भी शुरूआत की है। ऑनबोर्डिंग को सरल बनाने के लिए इस इनिशिएटिव को डिज़ाइन किया गया है। इस इनिशिएटिव में ग्राहक जियोफाइनेंस ऐप के माध्यम से मिनटों में निवेश के लिए अपना अकाउंट बना सकता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क-202507161800001 /अ-2/2024-25
ग्राम-गीदम, प.ह.नं.-17, तहसील-गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री अमजद हुसैन पिता मोहम्मद शाहजहान निवासी गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं0 8889297689 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-गीदम प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 570/56 रकवा 0.0560 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते हैं। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 18/07/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/07/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क-202507161800002 /अ-2/2024-25
ग्राम-गीदम, प.ह.नं.-17, तहसील-गीदम

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती पतासी बाई सोनी पति श्री रानुलाल सोनी निवासी गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 7587265577 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम-गीदम प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 756/2/2/1 रकबा 0.0420 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते हैं। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 18/07/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/07/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम**

## एक नजर

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ग्राम अमलोर तुमगांव निवासी प्रार्थी टिकेश्वर ध्रुव 33 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमआर 9318 को खरोरा के नया बस स्टेण्ड के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम बेलर निवासी रघुनाथ साहू 35 वर्ष ने अभनपुर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलबी 2688 को ग्राम चण्डी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रायपुर।** ग्राम अमसेना के पास बाइक सवार ने पैदल जा रहे अधेड़ को टक्कर मार दिया। जिससे अधेड़ की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक काशीराम नारंग 56 वर्ष ग्राम अमसेना का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक पैदल कहीं जा रहा था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूएफ 0131 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए काशीराम को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### एक्टिवा की टक्कर से महिला की मौत

**रायपुर।** ग्राम सिलतरा में एक्टिवा सवार ने पैदल जा रही महिला को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका किरण वर्मा 42 वर्ष सिलतरा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि किरण पैदल कहीं जा रही थी, तभी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 क्यूए 0439 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए किरण को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

### घर से नकदी पार

**रायपुर।** शिवानंद सेक्टर 2 स्थित घर से अज्ञात चोर ने नकदी 7700 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी एन.रामाकृष्णा राव 50 वर्ष शिवानंद सेक्टर 2 में रहता है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू का बड़ा एक्शन

## 28 आरोपी आबकारी अधिकारियों के खिलाफ 2300 पन्नों का चालान किया पेश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के चर्चित 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में एक और बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सोमवार को इस मामले में आरोपी बनाए गए 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ करीब 2300 पन्नों का चालान विशेष कोर्ट में किया है।

बता दें कि इससे पहले बीते 30 जून को पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने विशेष कोर्ट में लगभग 1200 पन्नों का चौथा पूरक चालान पेश किया था, जिसमें लखमा की अहम भूमिका का उल्लेख किया गया है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि पूर्व मंत्री कवासी लखमा को आबकारी घोटाले में उनके हिस्से का 64 करोड़ रुपये मिला है, जिसमें 18 करोड़ रुपये की अवैध धनराशि के निवेश और खर्च से जुड़े दस्तावेजी साक्ष्य भी मिले हैं।

शराब घोटाला मामले की जांच में अब तक यह पता चला है कि पूर्व मंत्री लखमा के संरक्षण में विभागीय अधिकारियों, सहयोगियों और ठेकेदारों के माध्यम से सुनियोजित घोटाले को क्रियान्वित किया गया। इस घोटाले से हासिल की गई रकम को व्यक्तिगत और परिवार के हितों में खर्च किया गया, जिससे उन्हें अत्यधिक और अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ। अब तक तीन पूरक अभियोग पत्रों सहित कुल चार अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इसके अलावा मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घोटाले की जांच जारी है।

**21 जनवरी से जेल में हैं कवासी लखमा**

गौरतलब है कि शराब घोटाले मामले में श्रश्व ने 15 जनवरी को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनसे 2 बार श्रश्व दफ्तर बुलाकर पूछताछ की गई थी। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार करने से पहले श्रश्व ने उन्हें 7 दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पिछली सुनवाई के दौरान जेल में पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं होने के कारण लखमा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने लखमा की 18 फरवरी तक रिमांड बढ़ा दी थी।

**क्या है शराब घोटाला?**

तत्कालीन भूपेश सरकार में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा और सीएम सचिवालय की तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया के खिलाफ आयकर विभाग ने दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में 11 मई, 2022 को याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया कि छत्तीसगढ़ में रिश्वत, अवैध दलाली के बेहिसाब पैसे का खेल चल रहा है। इसमें रायपुर महापौर रहे एजाज ढेबर का भाई अनवर ढेबर अवैध वसूली करता है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में दायर याचिका के आधार पर ED ने 18 नवंबर, 2022 को PMLA एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

### नवा रायपुर में होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट पर रोक

**रायपुर।** नवा रायपुर अटल नगर में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रस्तावित 'होलसेल कॉरिडोर' योजना को फिलहाल रोक दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वर्तमान भाजपा सरकार ने इस योजना को रद्द कर दिया है। अब नए सिरे से एक आधुनिक कमर्शियल हब विकसित करने की योजना पर मंथन किया जा रहा है। इससे पहले नवा रायपुर में सिटी लेवल डेवलपमेंट की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। क्षेत्र में आवास, निवेश और व्यापारिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न सेक्टरों में ज़मीन आवंटित की जा रही है। यह कदम नवा रायपुर के संतुलित और समग्र विकास को ध्यान में रखकर उठाया गया है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सड़कें, नालियां, बिजली और पानी जैसी मूलभूत अधोसंरचनाओं के विकास पर काम किया जा रहा है।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की नारेबाजी से नाराज हुए खड़गे

# कहा- चुनाव में दिखाएं जोश



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस ने आज 'किसान-जवान-संविधान' जनसभा का आयोजन किया, जिसमें प्रदेशभर के कार्यकर्ता शामिल हुए. सभा को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं से नाराज हुए. उद्बोधन के बीच कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की तो खरगे ने मंच से कहा, चुप बैठो, चुनाव में जोश दिखाना.उत्साहित एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के उद्बोधन के दौरान भी खलल डाला, जिस पर महंत ने हस्तक्षेप कार्यकर्ताओं को फटकार लगाई. वहीं सभा के दौरान प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने उठकर कार्यकर्ताओं को हिदायत दी. पीसीसी चीफ दीपक बैज कार्यकर्ताओं को शांत करने की कोशिश करते रहे. पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी सीट छोड़कर कार्यकर्ताओं के पास पहुंचे और उन्हें शांत रहने की समझाइश दी.

**सभा में दिखी कांग्रेस की अंतर्कलह**

प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने के उद्देश्य से जिस किसान जवान संविधान सभा का आयोजन किया गया है उसी में कांग्रेस की अंतर्कलह नजर आई. राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे के आगमन पर स्वागत के लिए विधायक देवेंद्र यादव पूर्व विधायक विकास उपाध्याय से माइक छीनते नजर आए.

मंच पर अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के पहुंचते ही उनके स्वागत के लिए सभी वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि जोरदार नारे लगाए. इस दौरान मंच से सभा को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय संबोधित कर रहे थे. इस बीच देवेंद्र यादव भी लोगों को संबोधित करने का इंतजार कर रहे थे. विकास उपाध्याय स्वागत में नारे लगाने लगे. साथ में देवेंद्र यादव दो में से एक माइक लेकर नारे लगाने लगे. खड़गे के आने के बाद माइक वापस लौटाते हुए भी नजर आए.

## तेज बहाव में बहा कोयले से भरा ट्रक

### जेसीबी से ड्राइवर का रेस्क्यू



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही।** लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर है. तेज बहाव में पुल पार करना ट्रक ड्राइवर को महंगा पड़ गया. ड्राइवर गाड़ी समेत पुल से नीचे जा गिरा. ट्रक में लोड कोयला पानी में बह गया. वहीं जेसीबी की मदद से ड्राइवर का रेस्क्यू किया गया. इस घटना का लाइव वीडियो सामने आया है. पिछले 4 5 दिनों से बिलासपुर संभाग के अधिकांश इलाकों में लगातार भारी बारिश हो रही. इसके चलते जनजीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है. बारिश से पहाड़ी क्षेत्रों में नदी-नाले उफान पर हैं. बारिश से बिलासपुर से जबलपुर सड़क निर्माण कार्य के कारण लोगों को आने-जाने में समस्या हो रही है. बिलासपुर से रतनपुर होते हुए जबलपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण चल रहा है. इस काम में लापरवाही के चलते कई जगहों पर सड़क धंस गई है. पुलिया टूटने लंबा जाम लग गया है. इस निर्माणाधीन मार्ग में कोयले से लोड ट्रक ड्राइवर की बड़ी लापरवाही सामने आई है. इस मार्ग में मझवानी गांव के पास पुल के ऊपर से तेज बहाव में पानी बह रहा. इसी दौरान बिलासपुर की तरफसे आ रहे कोयला लोड ट्रक का ड्राइवर पुल को पार कर रहा था. पानी के तेज बहाव के चलते ड्राइवर समेत ट्रक पुल के नीचे गिर गया. इस घटना का वीडियो इस मार्ग पर चलने वाली बस के सहायक ने अपने मोबाइल से बनाया है.

## बीजेपी नेता राम पंजवानी ने जताया सांसद बृजमोहन का आभार



**तिल्दा नेवरा।** बीजेपी नेता राम पंजवानी ने कार्यकर्ताओं के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हें महाविद्यालय में सांसद प्रतिनिधि बनाने पर आभार व्यक्त कर आशीर्वाद लिया। श्री पंजवानी सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास पर भेट मुलाकात की और नगर के संदर्भ में चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा दिनेश पंजवानी सहित पार्षद दिनेश साहू जयेश पेकरा बल्ला यादव सहित दिनेश पंजवानी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।




### 6 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** गंज पुलिस ने अरिहंत कॉम्पलेक्स के पास जुआ खेलते 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 43400 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अरिहंत कॉम्पलेक्स के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी नरेश मिश्रा 35 वर्ष सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 43400 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बेडरूम में मिले दो बेबी कोबरा

**कोरबा ।** कोरबा के रामनगर में एक घर के बेडरूम में 2 बेबी कोबरा एक साथ मिलने से हड़कंप मच गया। ललित साहू के घर में कहीं से घुसे कोबरा के बच्चे को देखकर परिवार के सदस्य डर गए। उन्होंने तुरंत वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम (नोवा नेचर) को सूचना दी। टीम के सदस्य राजू बर्मन ने मौके पर पहुंचकर बेबी कोबरा को सुरक्षित रेस्क्यू किया। उन्होंने बताया कि आसपास ही किसी फीमेल कोबरा ने अंडे दिए होंगे। अब इन अंडों से बच्चे निकलने लगे हैं।

### सागौन चिरान जब्त

**रायपुर।** बारनवापारा परियोजना मंडल, रायपुर के अंतर्गत वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मालीडीह गांव में छापामार कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान एक आरोपी के कब्जे से सागौन चिरान के 75 नग लकड़ी, मात्रा 0.418 घन मीटर बरामद की गई। आरोपी से लकड़ी के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26